# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर






सीजन में 353.9 मिलीमीटर बारिश हो चुकी, यह पिछले साल से औसतन 10 मिलीमीटर ज्यादा

फोटो: संजय पाण्डेय

# राहत बनी आफत, बारिश का 57 साल पुराना रिकार्ड टूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दो दिन हुई भारी बारिश के बाद गुरुवार को थोड़ी राहत रही, हालांकि दिन में पानी गिरा। बावजूद इसके बारिश का कहर जारी है। राहत बनकर हुई बारिश की शुरुआत अब शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में आफत बन गई है। जीवनदायिनी शिवनाथ खतरे के निशान से उपर पहुंच चुकी है। महमरा एनीकट पर 9 फीट ऊपर से बह रही है। मूसलाधार बारिश ने 57 साल का रिकार्ड भी तोड़ दिया। दुर्ग जिले में औसत बारिश पिछले साल से 10 मिलीमीटर ज्यादा हो गई है। वर्ष 2024 को इस तिथि तक 296.3 मिलीमीटर बारिश हुई थी। इस बार 325.9 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी है। यानी 10 मिलीमीटर औसत बारिश ज्यादा हो चुकी है।

### शिवनाथ में फिर छोड़ा जा रहा 7700 क्यूसेक पानी

शिवनाथ नदी में गुरुवार की सुबह तीसरी बार बैराजों से पानी छोड़ा गया है। मोंगरा बैराज से 4 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। यहां से दो गेट खोल दिए गए हैं।घूमरिया बैराज से 1200 क्यूसेक और सूखा नाला बैराज से 2500 क्यूसेक पानी आ रहा है। इन बैराजों से कुल 7700 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके पहले 15400 और 44800 क्यूसेक पानी शिवनाथ नदी में छोड़ा गया था। इस तरह अब तक 67900 क्यूसेक पानी नदी में आ रहा है। जिसकी वजह से शिवनाथ नदी में बाढ़ के हालात बने हैं।

### 32 गांवों के खेतों में भरा नदी का पानी

शिवनाथ नदी किनारे के 32 गांवों के खेतों में नदी का पानी भर गयया है। इन गांवों में डोमा, पथरिया, सगनी, आलबरस, जंजगिरी, बोड़ेगांव, ढ़ाबा, झोला, सिलोदा, महमरा,रूदा, खांडा, भोथली, पीपरछेड़ी, बेलोदी,मालूद,पीसेगांव, चिखली, भटगांव,चंगोरी आदि शामिल हैं। पथरिया के किसान संदीप सोलंकी, लीमन साहू, झड़ी राम साहू, हरीशचंद्र सिन्हा, मेघराज आदि ने बताया कि सबसे ज्यादा नुकसान लौकी, टमाटर , खीरा को हु है। पानी भरने से सब्जियों की नर्सरी सड़ने लगी है।



## खबर संक्षेप

### प्राण घातक हमला करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे



**भिलाई।** नौकरी से निकलवाने को लेकर उपजे विवाद में न्यू आदर्श नगर निवासी शक्ति पिता सुरेश निषाद (27 वर्ष) पर आरोपी विजय कुर्रे ने प्राणघातक हमला कर दिया। आरोपी ने कांच की बोतल से शक्ति के गर्दन पर वार किया। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी विजय को गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना 16 जुलाई की है। शक्ति को आरोपी गालियां दे रहा था। घर के सामने कहा कि तुम मुझे बबलू सेठ के यहां से काम से हटवा दिए हो। पास में पड़े कांच के बोतल से गर्दन पर हत्या करने के नीयत से हमला कर दिया था। आरोपी घटना के बाद से फरार था। मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया।

### मजदूर दिलाने के नाम पर 34 लाख की ठगी

**भिलाई।** ईंट भट्ठे में काम करने के लिए मजदूर दिलाने के नाम पर दो लोगों से 34.67 लाख की



धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने तीजराम पिता सोतन केवट, निवासी सुनसुनिया और कमल सिंग पिता जगेसर निषाद पैसर तहसील लवन बालौदाबाजार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पीसेगांव निवासी नीलकंठ कुंभकार 62 वर्ष ने जानकारी दी कि तीजराम केवट और कमल सिंग निषाद उसके पास आए। तीजराम ने ईंट भट्टा में मजदूर उपलब्ध कराने 12 किश्तों में 10,35,000 रुपए लिए। वहीं कमल सिंग निषाद ने 9,32,000 रुपए लिए। दोनों ने कोई भी मजदूर उपलब्ध नहीं कराया। इसी प्रकार अभिषेक चक्रधारी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि तीजराम केवट ने आवेदक अभिषेक चक्रधारी के ईंट भट्टा में मजदूर उपलब्ध कराने के लिए आवेदक से कुल 11 किश्तो में कुल 15 लाख रुपए लिया गया।

### जामुल नगर पालिका में पीएम आवास के नाम पर खुलेआम हो रही लूट

# प्रधानमंत्री आवास के नाम पर हो रही धांधली जो दिला रहा आवास, वही ले रहा काम का ठेका

खास खबर


हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर व्यक्ति को पक्का मकान देने के लिए के लिए पीएम आवास योजना चला रहा है। बेघर लोगों को कम लागत में मकान दिया जा रहा है, वहीं दुर्ग जिला अंतर्गत जामुल नगर पालिका में खुलेआम पीएम आवास के नाम पर लूट की जा रही है। यहां जिस युवक को पीएम आवास का लाभ दिलाने लोगों की मदद के लिए रखा गया है वो पालिका के अधिकारियों और पदाधिकारियों से मिली भगत कर खुलेआम भ्रष्टाचार का खेल खेल रहा है। हरिभूमि ने जब मामले की पड़ताल की तो युवक ने खुद स्वीकार किया कि वो लोगों को पीएम आवास दिलाने में मदद करता है और उनका मकान बनाने का खुद ठेका लेता है। यह भी आरोप है कि वो हितग्राहियों से अधिक पैसा लेकर उन्हें कम की रसीद देकर अपनी जेब भर रहा है।

जामुल नगर पालिका में राहुल नाम का एक आर्किटेक है। पालिका सीएमओ सीमा बख्शी के मुताबिक उसे इसलिए हायर किया है कि वो लोगों को पीएम आवास दिलाने में उनकी मदद करेगा। उनके कागजी प्रोसेस को पूरा करवाएगा। राहुल कई सालों से जामुल पालिका कार्यालय में बैठता है। इसकी आड़ में वो जिन हितग्राहियों को पीएम आवास का फायदा दिलवाने मदद करता है उनसे ना सिर्फ कमीशन की डिमांड करता है, बल्कि उनका मकान बनाने का ठेका भी खुद ही लेता है। वार्ड 10 शीलता मंदिर वार्ड जामुल निवासी वेदप्रकाश देशमुख ने इसकी शिकायत पालिका की सीएमओ सीमा बख्शी और समाज सेविका

#### स्टिंग से मामले का खुलासा





रश्मि वर्मा से की है। वेद ने बताया कि जामुल पालिका में उसका पीएम आवास साल 2019-20 में पास हुआ था। आवेदन करने के बाद जैसे ही उसका नाम लिस्ट में आया जामुल में बैठने वाले राहुल ने उससे संपर्क किया। उसने वेद को बताया कि उनका काम तभी होगा, जब उसका मकान बनाने का ठेका उसे वो देगा। राहुल ने बताया कि उसका 200 वर्ग फिट का कमरा पहले से बना हुआ है। पीएम आवास की एक किस्त आई है तो उसने बाकी बची जमीन लगभग 445 वर्गफिट में डीपीसी का काम पूरा कर लिया है। उसका 50 हजार रुपए के रेत और गिट्टी का मटेरियल निर्माण के लिए गिरा हुआ है।

राहुल ने वेद के ऊपर दबाव बनाया और उससे पीएम आवास का पूरा पैसा लेने के साथ 80 हजार रुपए और उसका मटेरियल अलग से लिया और कहा कि वो उसका पूरा मकान और परमिशन करवाकर देगा। वेद तैयार हो गया। उसने पीएम आवास की तीन किस्त उसे दी है। 80 हजार रुपए नगद वो पहले ले चुका और उसका बिल्डिंग मटेरियल भी यूज कर लिया। अभी वेद का पूरा मकान 5 साल बाद भी पूरा नहीं हुआ। अब राहुल यह कह रहा है कि वो उसका पूरा मकान नहीं बनाएगा। बिल्डिंग कंप्लीशन सर्टिफिकेट के लिए 11000 हजार रुपए अलग से मांग रहा है। साथ ही पीएम आवास की जो लास्ट किस्त है उसे भी मांग रहा है। इस बात पर नाराज होकर रश्मि वर्मा ने जामुल नगर पालिका में जाकर गुरुवार को जमकर हंगामा किया। इसके बाद वेद ने जामुल सीएमओ सीमा बख्शी को इसकी शिकायत की। उन्होंने भी माना का राहुल को उन्होंने पीएम आवास का काम देखने के लिए हायर किया है। जब उसके ऊपर मकान का जबरदस्ती ठेका लेने और कमीशन मांगने का आरोप लगाया गया तो सीएमओ ने कहा कि वो जो कर रहा है वो हितग्राही की मर्जी से कर रहा है। फिरभी वो उससे मामले में पूछताछ करेंगी। रश्मि वर्मा ने कहा कि जामुल पालिका में पीएम आवास के नाम पर बड़ी धांधली हो रही है। इसमें जामुल सीएमओ सहित वहां के कई अधिकारी और पदाधिकारी भी शामिल हैं।

#### अधिक पैसे लेकर कम की दे रहे रसीद



जामुल निवासी एक हितग्राही मीना ने बताया कि उसका पीएम आवास का घर पूरा हो गया। उसकी लास्ट किस्त आनी थी। इस पर राहुल ने युवती से 11 हजार रुपए की डिमांड की। उसने कहा कि जब तक वो परमिशन का 11 हजार रुपए जमा नहीं करेगी उसकी लास्ट किस्त नहीं आएगी। लड़की ने राहुल को 11000 रुपए दिए, लेकिन उसके एवज में राहुल ने मीना को 8000 की रसीद दी।

#### इस तरह हितग्राही से की जा रही लूट

जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो पक्का मकान बनाया जाता है वो 270 वर्ग फिट में बनाया जाना है। ऐसा आरोप है कि जामुल नगर पालिका में राहुल खुद लोगों से मकान बनाने का ठेका लेता है। इसके बाद वो उस मकान का निर्माण 270 वर्ग फिट से अधिक क्षेत्रफल में कर देता है। इसके बाद हितग्राही से बोलता है कि उसका मकान मानक से अधिक जमीन में बन गया है, इसलिए उसके लिए पालिका से परमिशन लेना पड़ेगा। लास्ट किस्त तभी आएगी जब परमिशन मिलेगा। इसके एवज में वो हितग्राही से 11 हजार रुपए की अलग से डिमांड करता है। जबकि हितग्राहियों का कहना है कि उन्हें आजादी मिलनी चाहिए कि वो पीएम आवास के पैसों से खुद मकान बनवा सकें, लेकिन राहुल ऐसा उन्हें नहीं करने दे रहा है।

#### पास कराने के नाम पर रुपए की मांग

एक अन्य हितग्राही संयोगिता साहू ने बताया कि उसे पीएम आवास योजना का लाभ मिला है। उसे कुल 2 लाख 28 हजार रुपए घर बनाने के लिए मिले हैं। योजना में नाम लाने के लिए उससे 5000 रुपए लिए गए हैं। जब उसने रसीद की मांग की तो उससे कहा गया कि ये पैसा पास कराने का कमीशन है।

#### पैसा लेते वीडियो बनाया

बिल्डिंग कंप्लीशन सर्टिफिकेट के लिए राहुल ने वेद से 11 हजार रुपए की डिमांड की है। उसने उसे दो हजार रुपए दिए और 9000 रुपए बाद में देने का वादा किया, लेकिन इस दौरान उसने इस घटना का पूरा वीडियो बना लिया। जब राहुल से पूछा गया कि कोई भी रसीद काटने और उसका पैसा लेने का काम राजस्व के अधिकारी या बाबू का कार्य है तो उसने कहा कि वो पैसा लेकर रसीद कटवाता है और फिर हितग्राही को देता है। वहीं हितग्राहियों का आरोप है कि राहुल जितना पैसा उनसे लेता है उससे कम की रसीद उन्हें देता है।

## शर्तों के आधार पर मिली शिव महापुराण कथा की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



भिलाई टाउनशिप के जयंती स्टेडियम में 30 जुलाई से 5 अगस्त तक आयोजित होने वाली पं. प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले की शिव महापुराण कथा का आयोजन निर्धारित तिथि पर ही होगा। इसके लिए एसडीएम भिलाई नगर हितेश पिस्दा ने अनुमति दे दी है। दुर्ग पुलिस ने एसडीएम पिस्दा को अनुमति ना देने के लिए एक पत्र लिखा था, जिसके आधार पर ऐसा लग रहा था कि आयोजन की अनुमति नहीं मिल सकती है। एसडीएम भिलाई नगर हितेश पिस्दा ने बताया कि दुर्ग पुलिस ने बारिश के मौसम को देखते हुए 15 बिंदुओं पर समस्या बताते आयोजन की अनुमति ना देने के लिए पत्र लिखा था। इसके बाद आयोजनकर्ता बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति भिलाई के निवेदन पर उन्होंने एएसपी सिटी और सीएसपी के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद कुछ शर्तों के साथ आयोजन की अनुमति दी गई है।

#### इन शर्तों को करना होगा पूरा

1- भक्तों की संख्या के आधार पर वाटरप्रूफ पंडाल लगाए जाएंगे।
2- सभा स्थल का हर एक कोना सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा।
3- इलेक्ट्रिक वायर को मानक के मुताबिक लगाया जाएगा।
4- प्रकाश व्यवस्था की समुचित व्यवस्था होगी।
5- 8 से अधिक प्रवेश द्वार के साथ ही एक इमरजेंसी एग्जिट बनाना होगा।
6- सुरक्षा के पुख्ता इंजाम किए जाएंगे।
7- पेय जल और चलित शौचालय की व्यवस्था करनी होगी।
8- पर्याप्त इमरजेंसी मेडिकल व्यवस्था के इंजाम किए जाएं।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


### 8 माह से फरार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



भिलाई तीन थाना अंतर्गत न्याय बैटरी से चोरी के मामले में पुलिस ने हांडी पारा रायपुर के सोनू उर्फ घनेन्द साहू 19 वर्ष को गिरफ्तार किया। उससे पहले पुलिस ने मोहम्मद इबयार को गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने बीएन राजू की दुकान से 16 अक्टूबर 2024 की रात चोरी की थी। आरोपी ने शटर का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्त मोहम्मद इबयार के मेमोरण्डम में अपराध में संलग्न अभियुक्त सोनू साहू के बारे में जानकारी मिली।

### नकली सोने के जेवरात थमाने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



ज्वेलरी शॉप में पहुंचकर असली सोने की जेवरात की जगह नकली थमाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी विरार वेस्ट बोलिंज महाराष्ट्र का रहने वाला नरेन्द्र पिता नंदलाल महेश्वरी उम्र 67 साल बताया गया है। उसने पहले छावनी थाना अन्तर्गत मनोज पिता राजेन्द्र जैन की सहेली अलंकरण जवाहर मार्केट पावर हाउस और पवन सोनी की न्यू अभिषेक ज्वेलर्स सर्कुलर मार्केट की रैकी की। इसके बाद अपना नाम राजेश पाठक बताकर दोनों दुकानों में पहुंचा। दुकान से एक सोने का अंगूठी एवं चांदी का सिक्का 10 ग्राम तथा न्यू अभिषेक ज्वेलर्स से एक सोने की अंगूठी एवं 5-5 ग्राम के दो चांदी के सिक्के के बदले अपने पास रखे नकली सोने के टॉप्स एक-एक जोड़ी देकर धोखाधड़ी की थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया।


सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री

916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने

अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध आज ही पधारें

सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है

- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग


**गड़बड़ी** शासन का आदेश गुरुवार से ही लागू , प्रक्रिया में देरी व सर्वर डाउन होने से रजिस्ट्री हुई कम

## सर्वर डाउन होने से नहीं हो पा रही रजिस्ट्री,अब दो बार डिजिटल हस्ताक्षर अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिला रजिस्ट्रार कार्यालय में दो दिन से सर्वर डाउन चल रहा है। सर्वर इतना डाउन हो गया है कि जमीन की रजिस्ट्री ही नहीं हो पा रही है। पूरे दिन लोग मशक्कत करते हैं और फिर वापस लौटना पड़ता है। सबसे बड़ी दिक्कत उन लोगों को हैं जो दूर-दराज गांवों से सुबह से आते हैं और शाम तक उनकी रजिस्ट्री नहीं हो पाती। एक तरफ जमीन रजिस्ट्री का ऑफ सीजन चल रहा है। जमीन की खरीदी-बिक्री बमुश्किल से हो रही है और ऊपर से सर्वर डाउन हो गया है। इससे रोजाना का राजस्व भी प्रभावित हो रहा है। वहीं शासन ने गुरुवार से ही दो बार डिजीटल हस्ताक्षर करना अनिवार्य कर दिया है। यह प्रक्रिया भी किसी मुसीबत से कम नहीं साबित हो रही।



#### डिजिटल हस्ताक्षर भी नहीं हो रहे

जमीन की रजिस्ट्री में डिटीटल हस्ताक्षर अब दो बार होना अनिवार्य रूप से लागू कर दिया है। प्रभावितों ने बताया कि नए नियम भी लागू हुए हैं लेकिन उससे भी दिक्कतें बढ़ गई है। दस्तावेज लेखक के पास पहले डिजीटल हस्ताक्षर होना है। यहां से हस्ताक्षर जो दस्तावेज में मैनुअली लिए गए हैं उसकी मैचिंग जिला उप पंजीयन कार्यालय को ऑनलाइन भेजा जाता है। कार्यालय से एप्रूव होने पर ही दस्तावेज लेखक द्वारा उप पंजीयक कार्यालय में मामले को पेश किया जा रहा है। सर्वर की दिक्कत से यदि एप्रूवल उप पंजीयक कार्यालय तक नहीं पहुंचता तो आगे की प्रक्रिया ही नहीं बढ़ पाती। इससे एक रजिस्ट्री भी पूरे दिनभर में नहीं हो पा रही है।

#### इन उदाहरणों से समझिए सर्वर समस्या

**केस -1** देवादा पाटन ग्राम के किसान करण वर्मा ने खेतिहर जमीन ली है। उस जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए तीन दिन पहले ही अपना नाम दस्तावेज लेखकों के माध्यम से दर्ज करवाया। गुरुवार को इस किसान को जमीन रजिस्ट्री करवाने के लिए बुलाया गया। उनके साथ दो गवाह भी पहुंचे। पूरे दिन मशक्कत के बाद उनकी रजिस्ट्री सर्वर डाउन होने की वजह से नहीं हो पाई।

**केस -2** उमरपोटी के किसान रूपेश कुमार ने जमीन खरीदी है। जमीन की रजिस्ट्री के लिए पहले ही ऑनलाइन आवेदन कर लिया था। बुधवार यानी 9 जुलाई को जमीन रजिस्ट्री के लिए तय हुआ। दोपहर लंच के बाद इस किसान को जमीन रजिस्ट्री के लिए बुलाया गया। वे बताते हैं कि दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण करने में डेढ़ से दो घंटे लगे। उसके बाद जब वे उप पंजीयक के पास पहुंचे तो सर्वर डाउन बताया गया। शाम तक रजिस्ट्री नहीं हो पाई।

**राज्य से ही सर्वर प्राब्लम**

राज्य से ही सर्वर प्राब्लम है। जिसकी वजह से रजिस्ट्री काम प्रभावित होने की शिकायत मुझे मिली है। कार्यालय भी नया शिफ्ट हुआ है इसलिए नेट कनेक्टिविटी की समस्या भी रही है। हालांकि इसे दूर कर लिया गया है। - **प्रियंका श्रीरांगे**, जिला रजिस्ट्रार अधिकारी


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

BHILAI | DHANORA

- ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
- FITTER 2 Year (10th Pass)
- C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

REGISTRATION OPEN

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444

अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

# पीएम आवास निर्माण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई, जिपं सीईओ ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के निर्माण कार्यों की दो पाली में जनपद पंचायत दुर्ग एवं जनपद पंचायत पाटन समीक्षा बैठक ली। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग बजरंग कुमार दुबे की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। दो पाली में बैठक दुर्ग एवं पाटन में जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, प्र.मं.आ.यो.ग्रा., सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा, जनपद पंचायत दुर्ग एवं पाटन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, विकासखंड समन्वयक, नोडल अधिकारी, सचिव एवं आवास मित्र उपस्थित रहे। जिला पंचायत सीईओ ने कहा बेघर को घर देने वाली यह एक महत्वपूर्ण योजना है। आवास निर्माण में लापरवाही पर त्वरित कार्यवाही प्रस्तावित किया जावेगा उन्होने कहा कि बैठक में आवास के नोडल, ग्राम पंचायत सचिव, आवास मित्र सप्ताह में दो दिन आवश्यक रूप से भ्रमण करें। रूचि नहीं ले रहे हितग्राही को निर्माण कार्य के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

## जो हितग्राही आवास बनाने रुचि नहीं ले रहे उनका प्रकरण किया जाए निरस्त

### रुचि नहीं लेने वालों का ग्रामसभा में निरस्त के लिए लाएं प्रस्ताव

ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा रूचि नही लिया जा रहा हैं ऐसे समस्त आवासों को ग्राम सभा के माध्यम से 15 जुलाई तक निरस्त के लिए प्रस्तावित किया जाए। आवास प्लस 2.0 के माध्यम से हितग्राहियों का जनपद पंचायत दुर्ग के 25194 में से 8084 आवासों एवं जनपद पंचायत पाटन के 34570 में से 12022 आवासों के सत्यापन का कार्य नोडल अधिकारी द्वारा 31 जुलाई, 2025 तक शत प्रतिशत पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।



### लगातार दी जा रही किश्त की राशि

मुख्यमंत्री अवास योजना ग्रामीण में शासन द्वारा लगातार किश्त की राशि प्रदाय की जा रही है, वर्तमान स्थिति में जनपद पंचायत दुर्ग के प्रथम किश्त अप्रारंभ 98 आवास एवं द्वितीय किश्त प्राप्त अपूर्ण 122 आवास इसी प्रकार जनपद पंचायत पाटन के प्रथम किश्त अप्रारंभ 147 आवास एवं द्वितीय किश्त प्राप्त अपूर्ण 188 आवास है। जिन्हें शीघ्र प्रारंभ, पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

### अधूरे कार्य पूर्ण कराएं

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण राज्य कार्यालय से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप 31 जुलाई, 2025 तक जनपद पंचायत दुर्ग के 501 एवं जनपद पंचायत पाटन के 282 प्रथम किश्त प्राप्त अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ कराये जाने एवं 20 सितम्बर 2025 तक जनपद पंचायत दुर्ग के 823 एवं जनपद पंचायत पाटन के 1279 द्वितीय किश्त प्राप्त अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। हितग्राही को समझाईश दे कि शासन से प्राप्त आवास राशि सही उपयोग किया जावें समय -समय पर आवास गुणवत्ता को ध्यान रखते हुये निर्माण कार्य को पूर्ण किया जाए। वित्तीय वर्ष 2016 से 2023 तक ऐसे अपूर्ण आवास जिन्हें तृतीय किश्त की राशि प्रदाय की जा चुकी है, उन सभी आवासों को ग्राम पंचायत से समन्वय कर पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

## खबर संक्षेप

### 2 दिन के लिए स्कूलों में छुट्टी घोषित करने की मांग

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसो. के प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय ने भारी बारिश और खराब मौसम के चलते दुर्ग जिला कलेक्टर से अगले दो दिनों के लिए जिले के सभी शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त तथा निजी स्कूलों में छुट्टी देने की मांग की है । उन्होंने कहा है कि भारी बारिश के चलते जिले के अधिकांश क्षेत्रों में नदी और नालों में उफान और कई स्थानों पर पुलों के ऊपर खतरनाक स्तर तक पानी भारी होने से विद्यार्थियों और शिक्षकों को संभावित जान का जोखिम है। जिससे किसी भी विद्यार्थी और शिक्षक को जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने की स्थिति उत्पन्न न हो ।

### मिली 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ढ़ाबा जिला दुर्ग निवासी मृतिका नीता बाई विगत 11 जनवरी 2024 को आग में जल जाने के पश्चात ओम अस्पताल रायपुर में उपचार के दौरान 18 जनवरी 2024 को मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम नगपुरा निवासी मृतिका बिराजो बाई विगत 27 अगस्त 2024 को एनीकेट शिवनाथ नदी के गहरे पानी में डुबने से एवं ग्राम निकुम निवासी मृतक डिलेश कुमार पटेल विगत 18 जनवरी 2023 को आग से जल जाने के पश्चात उपचार के दौरान 21 मार्च 2023 को मृत्यु हुई थी।

## आपात बैठक : महापौर परिषद ने की जलभराव वाले क्षेत्रों की समीक्षा

# बीएसपी ने नहीं कराई नालों की सफाई, इसलिए बने बाढ़ जैसे हालात, मेयर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पिछले दिनों हुई बारिश ने भिलाई निगम की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी है। शहर के अधिकांश हिस्सों में बारिश का पानी घंटों जमा रहा। इसकी वजह से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। इसे लेकर गुरुवार को महापौर नीरज पाल ने इसे लेकर महापौर परिषद की आपात बैठक बुलाई। बैठक में आयुक्त राजीव पांडेय भी मौजूद थे। बैठक में प्रमुख रूप से भारी बारिश के कारण जलभराव जैसी समस्या के नियंत्रण हेतु क्या बेहतर उपाय किया जाए, जिससे इसका समाधान हो सके इस पर विचार किया गया।

महापौर नीरज पाल ने कहा कि नाला के आस-पास अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाए। इस क्षेत्र में हो रहे जलभराव को नियंत्रित किया जा सके। जिस क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बनती है, ऐसे क्षेत्र को चिन्हांकित कर जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी का जिम्मेदारी तय की जाए। नाला एवं जलकुंभी सफाई हेतु जिला एवं निगम प्रशासन के पत्राचार के बावजूद भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कभी गंभीरता नहीं दिखाई जाती है। सेक्टर क्षेत्र स्थित नाला में जलकुंभी एवं अन्य ठोस अपशिष्टों का बीएसपी द्वारा उचित रूप से सफाई नहीं कराया जाता है, जिसके कारण विकराल समस्या निर्मित हुई है। सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं महापौर परिषद के सदस्यों का एक ही मत रहा कि नाला के आस-पास अवैध एवं अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए, जिससे आने वाले समय में इस तरह की भयावह स्थिति निर्मित न हो। नगर निगम भिलाई के स्वच्छता टीम को कड़ी मेहनत की जरूरत के साथ भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाओं के कार्य प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है।

### अतिक्रमण और सफाई की लचर व्यवस्था को बताया कारण



### 17 करोड़ के रिटर्निंग वॉल की हो मॉनिटरिंग

महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी एवं आदित्य सिंह का कहना था कि रिटर्निंग वाल निर्माण हेतु 17 करोड़ के कार्यों का विशेष मानिटरिंग कराते हुए कार्य कराया जाए। एजेंसी के कार्य में विलम्ब एवं कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठाए। उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह नाराजगी व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार हेतु कहे। साथ ही सुबह से निगम क्षेत्र के बड़े एवं छोटे नालों का भ्रमण करने की आवश्यकता बताते हुए विशेष मॉनिटनिग के लिए सलाह दी।

### कोसानाला रिटर्निंग वाल निर्माण में लापरवाही

आयुक्त राजीव पाण्डेय ने बताया कि कोसा नाला स्थित 17 करोड़ लागत से निर्माणाधीन रिटर्निंग वाल के कार्यो हेतु संबंधित एजेंसी के उपर कार्यवाही किये जाने हेतु सदस्यों को आश्वस्त किया। एजेंसी के लापरवाही के कारण आज तक रिटर्निंग वाल का निर्माण नहीं हो पाया है। जोन 1 के कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर ने जानकारी दी कि इस कार्य में एजेंसी को 2 बार समय बढ़ाया जा चुका है। निगम के कार्यों के लिए शासन से स्वीकृति अनुसार 5 जेसीबी क्रय करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।

### एमआईसी मेंबर्स ने अपने वार्डों की समस्याओं से कराया अवगत

बैठक में एमआईसी मेंबर्स ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने वार्डों में भरे पानी और इसके लिए लापरवाही की पूरी जानकारी महापौर और आयुक्त को दी। बैठक में सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, केशव चैबे, आदित्य सिंह, एकांश बंछोर, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू, मालती ठाकुर, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र अरोरा, धर्मेन्द्र यादव, उपायुक्त सह सचिव नरेन्द्र बंजारे, जोन आयुक्त येशा लहरे, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, अखिलेश चंद्राकर, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली सहित जोन स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### निगम आयुक्त ने खुर्सीपार क्षेत्र में निर्मित बड़े नालो का किया निरीक्षण

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई में भारी बारिश से हुए जलभराव जैसे स्थिति को देखते हुए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार क्षेत्र में नालों का निरीक्षण करने पहुंचे। खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत भारी बारिश के कारण कुछ स्थलों में जलभराव जैसे स्थिति निर्मित हुई थी। भविष्य में इस तरह की स्थिति निर्मित न हो इसलिए जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ नंदनी रोड स्थित करूणा हास्पिटल के पास तेल्हा नाला, छावनी स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर, बापू नगर हास्पिटल के पास नाला, वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण नगर स्थित नाला, वार्ड 42 गौतम नगर नाला का निरीक्षण किए। सभी नालो में बहकर आए हुए ठोस अपशिष्ट को हटवाया जा रहा है। जिसमें कुछ लोगों द्वारा नाला में अपने पुराने गदद्दे, त्रिपाल, बोरी, प्लास्टिक एवं अनुपयोगी सामान डाला गया था, जिसके कारण नाला जाम हो गया था और पानी की निकासी नहीं हो पाई तथा परिस्थिति जलभराव वाली बनी। वर्षाऋतु हेतु सफाई सुपरवाईजर एवं सफाई कर्मियों को तीन पालियों में डयूटी लगाई गई है। जिससे आस-पास के निचली बस्तीयों में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थय अधिकारी हेमंत मांझी, बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक अतूल यादव एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## स्कूल के पास बेच रहे थे नशीली सामग्री, कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय स्कूल से 100 मीटर के अंदर कोई भी नशीली एवं नशायुक्त सामान नहीं बेचा जा सकता। इसके संबंध में कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत प्राप्त हुई, इसके बाद भिलाई निगम अमला स्वामी आत्मानंद स्कूल खमरिया वार्ड 1 पहुंचा। जहां तालाब के पास दुकान संचालित हो रही थी, जिसमें पान, चाय दुकान से बीड़ी, सिगरेट, गुटखा एवं तंबाकू जैसी नशीले पदार्थों को जब्त किया गया। निगम अधिकारियों ने दुकानदार को निर्देशित कियाकि वह दुकान के सामने लिखेगा कि हमारे यहां किसी प्रकार का सिगरेट गुटखा नहीं बेचा जाता है। अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में इस प्रकार की गलती की जाती है तो अर्थदंड वसूला जाएगा। संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, प्रसन्न तिवारी, तोड़फोड़ प्रभारी हरिओम गुप्ता, नंदू सिन्हा, वार्ड प्रभारी एवं तोड़फोड़ दस्ता की टीम उपस्थित रहे।

### जुलाई में राज्य स्तरीय रोजगार मेले का होगा आयोजन, तारीख जल्द

**दुर्ग।** राज्यस्तरीय रोजगार मेला का आयोजन माह जुलाई में रायपुर में किया जाना प्रस्तावित है। प्राप्त जानकारी अनुसार तकनीकी एवं सेवा क्षेत्र के समस्त नियोजक राज्य स्तरीय रोजगार मेला में सम्मिलित होकर प्रतिष्ठानों में उपलब्ध रिक्त पदों की पूर्ति कर सकेंगे। जो नियोजक रोजगार मेला में भाग लेकर अपने संस्थानों में रिक्त पदों को भरना चाहते हैं वे 20 जुलाई तक संबंधित जानकारी संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण छग को क्यूआर कोड के माध्यम से जानकारी जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग के ईमेल आईडी पर भी भेज सकते हैं।

## रोजगार कार्यालय में बेरोजगारों को मिलेगी नौकरी से जुड़ी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 28 जुलाई से प्रति सप्ताह न्यूनतम 20 आवेदकों के समूह के लिए निःशुल्क सामूहिक मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम युवाओं को करियर संबंधी जानकारी और रोजगार अवसरों के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है। इच्छुक आवेदक कार्यालय में उपस्थित होकर निःशुल्क पंजीयन करवा सकते हैं। मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक सप्ताह तीन दिनों में अलग-अलग शैक्षणिक अर्हता वाले आवेदकों के लिए किया जाएगा।



प्रत्येक सोमवार को कक्षा 10वीं उत्तीर्ण आवेदकों के लिए, बुधवार को कक्षा 12वीं उत्तीर्ण आवेदकों के लिए और शुक्रवार को स्नातक अर्हताधारी आवेदकों के लिए मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक सत्र का समय दोपहर 1 से 2 बजे तक निर्धारित किया गया है।

## छात्रावास अधीक्षकों की संभाग स्तरीय काउंसिलिंग 14 जुलाई से

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- काउंसलिंग से होगी छात्रावास अधीक्षकों की पदस्थापना

वर्ष 2022-23 एवं 2025 में पदोन्नत हुए छात्रावास अधीक्षकों की काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना किया जाएगा। संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने संभाग अंतर्गत दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई और मोहला-मानपुर, अम्बागढ़ चौकी के कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर अवगत कराया है कि जिले में पदस्थ छात्रावास अधीक्षकों का संभाग स्तरीय काउंसलिंग के लिए प्रस्ताव एवं रिक्त पदों की जानकारी कार्यालय आयुक्त दुर्ग संभाग को उपलब्ध कराया गया है। जिसके आधार पर छात्रावास अधीक्षकों की वरिष्ठता सूची एवं संभाग में रिक्त पदों की सूची तैयार की गई है। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने उक्त वरिष्ठता सूची एवं रिक्त पदों की सूची संबंधित कलेक्टोरेट कार्यालय एवं जिले की वेबसाइट में प्रकाशित कर संलग्न सूची अनुसार कर्मचारियों को सूचित करने कहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि 11 जुलाई तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक सुसंगत दस्तावेज सहित दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। नियत तिथि एवं समय के पश्चात दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। संभाग स्तरीय काउंसलिंग की तिथि 14 जुलाई निर्धारित की गई है। काउंसलिंग निर्धारित तिथि को दोपहर 12 बजे से कार्यालय आयुक्त दुर्ग संभाग उद्योग भवन दुर्ग के सभा कक्ष में नियत की गई है।

## कचरा संग्रह के लिए निगम ने खरीदे 120 नए रिक्शे, होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- महापौर ने पूजा अर्चना कर किया शुभारंभ

महापौर अलका बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा के साथ शहर क्षेत्र में घर घर कचरा संग्रह करने 120 नए कचरा रिक्शा का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। इस दौरान एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, पार्षद साजन जोसेफ, गुलशन साहू, सरिता चन्द्राकर, ललिता ठाकुर, मनोज सोनी, संभव सोनी, पीआईयू शेखर दुबे, राहुल सहित अन्य मौजूद रहें। बता दे कि शहर क्षेत्र के लिए 120 कचरा कलेक्शन रिक्शा लिया गया है। 60 वार्डों के हर एक वार्ड के लिए दो नए रिक्शा घर-घर जाकर कचरा इकट्ठा करेंगे और इससे शहर को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। महापौर श्रीमती बाघमार ने कहा कचरा रिक्शा का शुभारंभ किया। महापौर ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्वच्छता के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है। शहर को देश में सबसे स्वच्छ शहर बनाना है। इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। शहर की स्वच्छता की पहचान साफ सफाई से होती जाती है। इसके लिए कचरा कलेक्शन पर और ज्यादा जोर दिया जा रहा है। निगम द्वारा कचरा कलेक्शन के लिए 120 कचरा कलेक्शन पहुची है, इनके जरिए डोर टू डोर कचरा लिया जाएगा।



**न्यायालयः- डी.पी.सिंह दाँगी, द्वितीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)**

क्रमांक/द्वि.अति.मो.दु.दा. अधि./2025 दंतेवाड़ा दिनांक- 08/07/2025, प्रोसेस क्रमांक- 139/2025 आदेश दिनांक- 07/07/2025 जारी तिथि- 08/07/2025 दावा प्रकरण क्रमांक- अपंजीकृत आगमी पेशी दिनांक- 21/07/2025

**देवेन्द्र कुमार यादव** ... आवेदक

विरूद्ध

**संजय यादव व अन्य** ... अनावेदक

आवेदक देवेन्द्र कुमार ने आवेदन वास्ते क्षतिपूर्ति अंतर्गत धारा 166(1) मो.या.दु.अधि. 1988 संशोधित अधि. 1994 संस्थित किया गया है, जिसमें 01. संजय यादव पिता राजाराम यादव, ग्राम व पोस्ट-गुजरा, थाना-मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.), 02. राजेश कुमार यादव पिता पुनवासी यादव, निवासी-यादव निवास सामुदायिक भवन के पास, वार्ड क्रमांक-18 पदुमनगर भिलाई, पो.-भिलाई, जिला-दुर्ग, (छ.ग.) को पक्षकार के रूप में समायोजित किया गया है। अतः आपको इस न्यायालय के तारीख 21/07/2025 को दिन में प्रातः 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात या उपस्थिति होने के लिए समंस किया जाता है। आप स्वयं न्यायालय में या किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपस्थिति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस प्रकरण की सुनवाई के लिए उपस्थिति हेतु नियत दिन है। आप को यह सूचित किया जाता है कि यदि आप दिनांक- **21/07/2025** को न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**टीपः-** उक्त सुनवाई तिथि- 21/07/2025 को किसी कारण से सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है तो अगले न्यायालयीन कार्य दिवस पर मामला लिया जावेगा ।

यह आज तारीख 08/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर किया गया।

मुहर

डी.पी. सिंह दाँगी
द्वितीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण,
दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

## शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का स्कूलों में पड़ा सकारात्मक प्रभाव

# हाईस्कूल दनिया में विषयों के चार नए शिक्षकों की पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- ग्रामीण स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में आया सुधार

राज्य शासन द्वारा शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति का सकारात्मक असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। जिले के ब्लॉक धमधा के अंतर्गत हाई स्कूल दनिया में इस प्रक्रिया के अंतर्गत चार नए विषयों के शिक्षकों की तैनाती की गई है, जिससे विद्यार्थियों को अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो रही है। हाई स्कूल दनिया में पढ़ने वाली कक्षा 10वीं की छात्रा हितेश्वरी बताती हैं पहले स्कूल में शिक्षकों की कमी के कारण कई विषयों की पढ़ाई नियमित नहीं हो पाती थी। अब विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और अंग्रेज़ी जैसे विषयों के शिक्षक मिल गए हैं। इससे हमें अब ट्यूशन पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

### शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में होगी सहायक

ज्ञात हो कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया का उद्देश्य शिक्षकों का प्रभावी पुनर्विनियोजन कर ऐसी जगहों पर उनकी नियुक्ति करना है, जहाँ शिक्षकों की आवश्यकता अधिक है। यह कदम न केवल शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहा है बल्कि इससे विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को भी नई दिशा मिल रही है।



### विद्यार्थी नियमित आ रहे स्कूल

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार युक्तियुक्तकरण के बाद विद्यालय में शिक्षकों की संख्या में संतुलन आया है। अब प्रत्येक विषय के लिए प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध हैं, जिससे छात्रों को पढ़ाई में बेहतर मार्गदर्शन मिल रहा है। इसके चलते बच्चों की उपस्थिति में भी सुधार देखा गया है। प्राचार्य ने बताया कि यह पहल विशेषकर ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब छात्र नियमित रूप से कक्षा में सभी विषयों की पढ़ाई कर पा रहे हैं और उन्हें किसी बाहरी सहायता की आवश्यकता नहीं रह गई है।

**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**

(व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)

वादक्रमांक-85A/2025

न्यायालय (कु. मुस्कान शर्मा) नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, दुर्ग (छ.ग.)

आवेदक - अमरिक सिंह

अनावेदक - आमजनता,

बनाम - आमजनता

क्योंकि वादी / आवेदक ने आपके विरूद्ध दावे वास्ते घोषणा कीमती 300/- का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 01 माह 08 सन 2025 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/2025 को न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

जज
(कु. मुस्कान शर्मा)
नवम व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ श्रेणी, दुर्ग (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं योगेश सिंह पिता श्री दयाशंकर सिंह, निवासी- ब्लॉक नं. 64 ए, प्लॉट नं.-11, नेहरू नगर वेस्ट, वार्ड नं.-02, मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) - 490020 यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम योगेश कुमार सिंह पिता श्री दयाशंकर सिंह, रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम योगेश कुमार सिंह पिता श्री दयाशंकर सिंह, से ही जाना पहचाना जावें।

योगेश कुमार सिंह
ब्लॉक नं. 64 ए, प्लॉट नं.-11,
नेहरू नगर वेस्ट, वार्ड नं.-02,
मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई तह.
व जिला दुर्ग (छ.ग.) 490020

## खबर संक्षेप

### जरवाय में गुरु पूर्णिमा आज

**पाटन** । सर्वोदय मंडल जरवाय के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा 11जुलाई शुक्रवार को पुराना बाजार चौक में आयोजित है।जिसमें कबीर सत्संग संत विजय साहेब(सेंचुआ),साध्वी समता साहेब (नवागांव) की अमृतवाणी एवं विष्णु साहू औरी की गीत संगीत एवं भजन मंडली की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग,यशवंत साहू सरपंच, रविशंकर पाटिल उपसरपंच एवं पंचगण,गरीब दास साहू संरक्षक जिला सर्वोदय, बीरेंद्र साहू अध्यक्ष जिला सर्वोदय, भोलाराम साहू, तुलाराम साहू,किशोर साहू अतिथि शामिल होंगे। उक्त जानकारी उदय साहू,पवन साहू,रिखी पटेल स्थानीय सर्वोदय मंडल ने दी। उन्होंने सत्संग प्रेमीजनों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### दुर्ग संभाग इकाई के महामंत्री बने द्विवेदी



**पाटन**। अखरा स्थित शासकीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षक चंचल कुमार द्विवेदी को छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन द्वारा दुर्ग संभाग इकाई का महामंत्री नियुक्त किया है। प्रदेश फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। द्विवेदी ने अपनी नियुक्ति के लिए संगठन के प्रति आभार जताया है। वहीं शिक्षकों ने भी हर्ष जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है।

### सामान्य सभा आज

**दुर्ग**। जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक 11 जुलाई को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन, कृषि, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## निधन

### पुष्पा देवी अग्रवाल



**दुर्ग**। कादंबरी नगर दुर्ग निवासी नत्थुलाल अग्रवाल की धर्मपत्नी पुष्पा देवी अग्रवाल का 75 वर्ष की आयु में गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया । ये महेश अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल एवं योगेश अग्रवाल की मां थी।

### विष्णु किशोर मिश्रा



**दुर्ग**। मधुबन नगर पंचशील बी सड़क नं 7 दुर्ग बोरसी निवासी विष्णु किशोर मिश्रा का निधन गुरुवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी दुर्ग मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रमिला मिश्रा के पति, अपर्णा श्रीवास्तव, अन्नू मिश्रा, अपेंद्र मिश्रा और भूपेंद्र मिश्रा के पिता और एडवोकेट अमित श्रीवास्तव के ससुर थे।

# जर्जर सड़कों और जलभराव को लेकर नागरिकों ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸।पाटन

अमलेश्वर वार्ड क्रमांक 08, दुर्गा नगर के नागरिकों ने क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर सड़कों, जलभराव और साफ-सफाई की बदहाल व्यवस्था को लेकर नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई है और शीघ्र समाधान की माँग की गई है। स्थानीय रहवासियों ने जर्जर सड़कें और वर्षा में और बिगड़ती स्थिति पर सवाल उठाते हुए ज्ञापन सौंपा है। जिसकी एक प्रति नगर पालिका अधिकारी और अध्यक्ष को सौंपी गई है। नागरिकों ने चेताया है कि यदि समय पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जनहित में आंदोलन और विरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान ओमप्रकाश साहू उपाध्यक्ष, डोमन यादव पार्षद वार्ड 8,गिरधर साहू पार्षद प्रतिनिधि वार्ड 9,किशोर जंघेल,आशा राम,आजू वर्मा,रोशन, कपिल,संदीप एवं समस्त नगर वासी भी उपस्थित रहे।

## दुर्गा नगर पाटन की अव्यवस्था को लेकर नगर पालिका अधिकारी और अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

### जर्जर सड़कें बनीं जानलेवा वर्षा में और बिगड़ी स्थिति

नागरिकों ने ज्ञापन में बताया कि दुर्गा नगर की सड़कों की हालत बेहद खराब है। हर ओर गहरे गड्ढे, कीचड़ और जलभराव ने लोगों का चलना-फिरना मुश्किल कर दिया है। पैदल चलना तो दूर, वाहन चलाना भी जोखिम भरा हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और बीमार नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में हालात और भी खतरनाक हो जाते हैं।




### नागरिकों ने पूछे तीन सवाल:

अब तक सड़क मरम्मत के लिए क्या कदम उठाए गए? यदि बजट की कमी है, तो शासन को प्रस्ताव क्यों नहीं भेजा गया? यदि यह काम प्राथमिकता में नहीं है, तो इसका कारण क्या है?

मुख्य मांगें: दुर्गा नगर की मुख्य और संपर्क सड़कों की तत्काल मरम्मत। सड़क प्रकाश के लिए स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था। नियमित कचरा गाड़ी और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था। 7 दिन के भीतर कार्यवाही की सार्वजनिक जानकारी। समाधान न होने की स्थिति में टैक्स माफी, ताकि नागरिक स्वयं मरम्मत करा सकें।

प्रशासन को चेतावनी: ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि यदि इन समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया, तो नागरिक मजबूर होकर जन आंदोलन, धरना और जनजागरण अभियान शुरू करेंगी।

## गुरु पूर्णिमा पर गांव-गांव में हुए विविध आयोजन

# गुरु की महत्ता को शिरोधार्य करते हुए किया पूजन, ज्ञान देने वाले सम्मानित

### गायत्री ज्ञान मंदिर कुथरेल में हुआ गायत्री महायज्ञ



हरिभूमि न्यूज ▸▸।अंडा

गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गायत्री ज्ञान मंदिर कुथरेल में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में गायत्री परिवार के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भाग लिया। यज्ञ का संचालन कुमारी दुलारी देवांगन ने किया।

### नगर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने गुरुजनों से लिया आशीर्वाद

**उतई**। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी उतई के तत्वावधान में आदर्श नगर उतई के शिक्षकगणों लालाराम साहू , सुब्बा नायडू ,आयुष मजूमदार, हेमलता देशमुख और मीना वर्मा का श्रीफल एवं पेन भेटकर सम्मान किया गया। सभी को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक बधाई प्रेषित की गई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष व पार्षद द्वारिका साहू, राकेश साहू पूर्व पार्षद, प्रहलाद वर्मा, तोषन साहू, सुरता सिंह गढ़े, पूर्व एल्डरमैन प्रेमनारायण साहू, कांग्रेस कार्यकर्ता गण भावेश साहू, तोरण ठाकुर, धनंजय नेताम और शेष कुमार साहू उपस्थित थे।





### सशिमं तरीघाट में किया गुरुओं का सम्मान

**पाटन**। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर तरीघाट में हर्ष उल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा मनाया गया। जिसमें गुरु का महत्व उपस्थित लोगों को बताया गया। बच्चों को बताया गया कि भगवान राम कृष्ण ने भी अपने जीवन में गुरु बनाये थे एवं गुरु के बताए हुए रास्ते पर आगे बढ़े। समिति के द्वारा विद्यालय के आचार्य को पेन डायरी देकर सम्मानित किया गया एवं विद्यार्थियों ने भी एक दूसरे को बधाई संदेश के साथ शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के संयोजक जयराम सिन्हा, सरपंच चंद्रिका साहू एवं समिति सदस्य छगनलाल साहू, विद्यालय प्रधानाचार्य देवनारायण साहू, पालक गण एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित थे।

### तहसील सतनामी समाज ने मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



**पाटन**। तहसील सतनामी समाज पाटन ने गुरुवार को गुरु अमर दास की जयंती मनाई। इसके अलावा गुरु पूर्णिमा पर भी आयोजन हुए। सामाजिक भवन बठेना रोड पाटन में हुए इस आयोजन में सबसे पहले जैतखाम की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद गुरु घासीदास बाबा की जयकारे लगाते हुए गुरु अमरदास की पूजा अर्चना करके प्रसाद का विवरण किया गया। गुरु अमर दास की जयंती पर समाज के लोगों ने उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सतनामी समाज के पाटन तहसील अध्यक्ष संतराम कुर्रे ने गुरु अमर दास की महिमा का बखान किया वहीं गुरु की मंगल आरती भी सभी ने एक साथ मिलकर की। इस अवसर पर सतनामी समाज के पदाधिकारी सहित अन्य मौजूद थे। भारी बारिश के बाद भी बड़ी संख्या में समाज के लोग गुरु पूर्णिमा पर्व मनाने के लिए पाटन पहुंचे। ग्राम सेलूद के सरपंच बबलू मारकंडे ने गुरु की महिमा का बखान किया और उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष संतराम कुर्रे,उपाध्यक्ष राजकुमार बघेल,पवन डाहरे,अहेन्द्र चेलक,भोलेश्वर चंदनिहा,दिनेश बांधे,उत्तरा सोनवनी,रामकुमार बांधे,पन्ना बंजारे,रामानंद कुर्रे,खिलेश मारकंडे,राजेश बघेल,भक्तु राम, चंद्रिका बघेल,कृष्णा हरिबंश,मोती बघेल,दुर्गेश पाटिल, भूपेंद्र बघेल,प्रशांत कुर्रे,प्रेम गायकवाड़, बलराम कुर्रे,गोविंद जांगड़े,, दुलेश्वर देशलहरे,थानेश्वर मारकंडे, सुमित, हर्ष डाहरे, गौरव ,रेखा कुर्रे,ममता,रोशन कुर्रे,गायत्री,उषा,राजेश्वरी पुजारी सेवकराम खुटेल, डेविड जोशी ,राजकुमार बंजारे,अर्जुन बघेल मौजूद रहे।

### गुरु पूर्णिमा पर लगाया पीपल का पेड़



**अंडा**। गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम परसदा डंगनिया में गुरू पूर्णिमा पर सामूहिक जप और एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ किया गया। इस अवसर पर सिद्धि महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव और वेदिका साहू का जन्मदिन भी मनाया गया। मुख्यमंत्री से सम्मानित ड्रोन दीदी भुनेश्वरी साहू ने पीपल का पेड़ लगाया। आयोजन में गजाधर प्रसाद साहू, मानसिंह साहू, बंशीलाल साहू, नशा उन्मूलन प्रभारी विमल साहू देवरी, प्रीतम टंडन , नागेश्वर यादव एवं गांव के गायत्री परिवार के सभी सदस्य शामिल हुए।

### संत सुकृत दास से लिया आशीर्वाद



**सेलूद**। गुरु पूर्णिमा पर बावाकुटी सेलूद में कबीर आश्रम सेलुद के संत सुकृत दास शास्त्री के आश्रम जाकर लोगों ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया । इस अवसर पर रानी बछोर, खेमलाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, केशव बंछोर और हर प्रसाद आडिल आदि उपस्थित थे।

### गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद विजय

गुरु पूर्णिमा पर भगवान श्री गुरु दत्तात्रेय, श्री साई बाबा, श्री गजानन महाराज एवं श्री स्वामी समर्थ की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा श्री शिर्डी साईं बाबा मंदिर रेलवे कॉलोनी चरोदा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल शामिल होकर गुरु पूर्णिमा के दिन श्री गुरु दत परिवार का आशीर्वाद ग्रहण किया महाभण्डारे में सांसद ने प्रसाद ग्रहण किया। महाप्रसाद भंडारा दोपहर से शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शशिकांत बघेल, चरोदा मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर, महामंत्री परमजीत सिंह, पार्षद शोभा रानी, राजेश कुमार मौर्य, भूपेंद्र कुमार बघेल, सहित भारी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित होकर बाबा का प्रसाद ग्रहण किया।

गुरु पूर्णिमा पर्व पर सांसद विजय बघेल गायत्री परिवार ट्रस्ट गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर के द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा पर्व में भी शामिल हुए. यहां मां गायत्री की भव्य पूजा के साथ पांच कुंडीय यज्ञ का भी आयोजन किया गया था। सांसद श्री बघेल यहां व्यास पूजन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। कार्यक्रम में एमपी सिंह, डॉ कामता साहू, केपी बघेल, रोमलाल, घनश्याम साहू, राजेंद्र वानखेड़े वर्षा बापुरे, कविता साहू उपस्थित रहे।




गुरु पूर्णिमा पर्व पर वैशाली नगर स्थित इंदिरा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा एवं विद्यालय परिसर में वैशाली नगर की पूर्व विधायक स्वर्गीय दाऊविधा रतन भसीन श्रीनिधि से निर्मित भव्य सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण सांसद विजय बघेल एवं पूर्व विधायक स्व दाऊ विद्यारतन भसीन की पुत्री दिव्या मक्कड़ भसीन, राकेश पाण्डेय खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा किया गया।

# बैटरी खराब हो या बिजली चली जाए, बंद हो जाता है मोबाइल फोन

## बीएसएनएल के उपभोक्ता हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸।जामगांव आर





बीएसएनएल विभाग की नाकाम सेवा से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां 2016 में लगी बैटरी खराब हो जाने के कारण बिजली बंद होते ही मोबाइल फोन का नेटवर्क ठप हो जाता है, जिससे लोग परेशान रहते है। बैटरी के लिए विभागीय अधिकारी उच्च स्तर पर जानकारी दिए जाने के नाम पर पल्ला झाड़ने लगे है। इस अव्यवस्था से मोबाइल टावर गाडाडीह,मचान्दुर, रानीतराई, कुर्मीगुंडरा, बटररेल, बेलहारी और जामगांव आर सहित ग्रामपंचायतों में लगे मोबाइल सेवा सहित हजारों उपभोक्ता विभाग की निष्क्रियता का शिकार हो रहे है।

### दूसरी कंपनियों की मोबाइल सेवा चुस्त दुरुस्त

वर्षो से अधिकारियों से मिल रहे खोखले आश्वासन से खिन्न हो चुके है। उपभोक्ता इन दिनों दूसरी कंपनी की वाई फाई से काम चलाने विवश हो उठे है।बीएसएनएल सेवा की जानकारी हेतु गूगल से जानकारी चाही तो पता चला कि दूरसंचार विभाग द्वारा अपनी 4जी बीएसएनएल सेवा के लिए दो स्पेक्ट्रम बैंड 700 मेगाहट्र्ज और 2100 आबंटित किए है फिर भी 4 जी सेवा जामगांव आर एरिया में अभी भी नाकाम है, उपभोक्ताओं को संतुष्ट नहीं कर पा रही है।विभाग ने 4 जी प्रारंभ होने का आनंद लेने का ढिंढोरा पीट दिया। उपभोक्ताओं ने 4जी सेट भी ले लिया लेकिन आश्वासनों की आदत से लाचार विभाग आश्वासन का तगड़ा नेटवर्क अभी भी बना हुआ है।

### 4जी सेवा अच्छा काम के समय राउंड लेने लगता है

उपभोक्ताओं ने जामगांव आर एरिया में 4 जी सेवा प्रारंभ होने से खुशी जाहिर की और 4 जी रैंक का मोबाइल सेट खरीद लिए लेकिन मोबाइल पर नेटवर्क के राउंड राउंड से काफी दुखी और नाकाम सेवा से आक्रोशित होने लगे है। महत्वपूर्ण कार्य के समय नेटवर्क ठप हो जाता है। किसानों को टोकन हेतु नेटवर्क की आवश्यकता होती है और पढ़ाई की दृष्टि से विद्यार्थियो को महत्वपूर्ण जानकारी कलेक्ट करनी होती है सब काम पर नाकाम सेवा पानी फेर देता है। जामगांव आर एरिया में 25000 आमजनता बीएसएनएल की नाकाम 4 जी सेवा से परेशान है। जामगांव आर से बोरवाय भरर कुम्हली औरी भनसूली टेमरी रनचीराई पौहा जामगांव आर के लगभग 25 हजार ग्रामीण नेट सेवा से लाभान्वित होते है। डा एन के चंद्रवशी, पीएल बारले, बुधारू राम, भीखम राठी, चंद्रिका चंद्राकर, भारत निर्मल, पोषण निर्मल, माया कौशिक, नेतराम ठाकुर ,राधेश्याम राठी, पवन साहू, विजय चंद्राकर, पुखराज ठाकुर, नरेश केला, मनीष वैद, प्रेमचंद चोरड़िया और शैलेंद्री मंडावी आदि उपभोक्ताओं ने मोदी की गारंटी की तरह मोबाइल नेटवर्क गारंटी सेवा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### बैटरी आते ही लगा दी जाएगी

विभाग के एसडीओ डी के बागड़े ने बताया कि बैटरी की मांग की जा चुकी है आते ही लगा दी जाएगी। सुचारू सेवा के लिए विभाग तत्पर है।

### बच्चों को बांटी शैक्षणिक सामग्री, पौधे भी लगाए

**उतई**। शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला करगाडीह, कातरो, मंचादूर व चिरपोटी के लगभग 900 बच्चों को सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संस्थापक सुरेश फरमानिया ने कॉपी,पेन,स्कूल बैग,पहाड़ा व कंपास का वितरण किया। इन उपहारों को पाकर बच्चो के चेहरे खिल गए। इस दौरान ग्राम पंचायत करगाडीह के सरपंच करण सेन, मंचादुर संकुल के संकुल समन्वयक प्रणव मांडरिक, कातरो स्कूल के प्रधानपाठक नरेंद्र देशलहरा, चिरपोटी स्कूल की प्रधान पाठिका मेनका बेलचंदन ,पूर्णिमा साहू और भानेश्वरी साहू ने सुरेश फरमानिया का शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया। वहीं मंचादूर स्कूल में एक पेड़ मा के नाम से पौधारोपण सुरेश फरमानिया ने किया। शिक्षक गिरीश साहू ने बताया कि सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया ट्रस्ट विगत 10वर्षों से सरकारी स्कूलों में बच्चो को स्वेटर,कॉपी,पुस्तके,कंपास और बेंच डेक्स आदि का वितरण छात्रहित में निस्वार्थ भाव से कर रहा हैं।

## बिजनेस साइट

### दुर्ग में यूरोलॉजी ने रचा कीर्तिमान आरोग्यम बना भरोसे का दूसरा नाम



**भिलाई**। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल दुर्ग ने यूरोलॉजी के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दारुका के नेतृत्व में हॉस्पिटल के यूरोलॉजी विभाग ने पिछले एक वर्ष में जो सफलता हासिल की है, वह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। बीते 12 महीनों में यहां 1500 से अधिक किडनी की पथरी के मामलों का इलाज अत्याधुनिक लेज़र तकनीक के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया, जिससे मरीज़ों को बिना चीरा-काट और कम से कम दर्द के साथ राहत मिली। इस अवधि में हॉस्पिटल ने 50 से अधिक पेनाइल इंप्लांट सर्जरी भी कीं, जिससे यौन स्वास्थ्य से जूझ रहे पुरुषों को न केवल शारीरिक राहत मिली बल्कि मानसिक रूप से भी उन्हें एक नया आत्मविश्वास प्राप्त हुआ। इसके अलावा, 150 से अधिक रिकंस्ट्रक्टिव यूरोलॉजी प्रक्रियाओं के माध्यम से जटिल मूत्रमार्ग संबंधी रोगों का इलाज किया गया, जो आमतौर पर बड़े शहरों में ही संभव माना जाता था। पुरुषों में बांझपन की समस्या, जो समाज में अब भी एक संवेदनशील विषय है, उस पर भी डॉ. नवीन राम दारुका ने गंभीरता से कार्य किया। उनके परामर्श और उपचार से 65 से अधिक पुरुषों को बांझपन की समस्या से छुटकारा मिला, जिससे उनके जीवन में एक नई शुरुआत संभव हो सकी। इन सभी उपलब्धियों के पीछे हॉस्पिटल की आधुनिक सुविधाएं, प्रशिक्षित मेडिकल टीम, लेज़र और एंडोस्कोपी जैसी नवीनतम तकनीक, और सबसे महत्वपूर्ण डॉ. दारुका की विशेषज्ञता और मरीज़ों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण शामिल है। यह उपलब्धियां न केवल चिकित्सा की सफलता का प्रतीक हैं, बल्कि यह भी दर्शाती हैं कि अब दुर्ग जैसे शहर में भी विश्वस्तरीय यूरोलॉजिकल सेवाएं उपलब्ध हैं।

# युवा अपनाएं चंद्रशेखर की कार्यशैलीः कुरैशी



**भिलाई**। भिलाई लोकनायक जयप्रकाश नारायण प्रतिष्ठान के तत्वावधान में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर की पुण्यतिथि एचएससीएल कालोनी रूआबांधा सेक्टर स्थित कार्यालय में मनाई गई। अमृत काल में आपातकाल की चुनौतियाँः धर्म, राजनीति और गांधी' विषय पर परिचर्चा हुई। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी ने कहा कि इन दिनों राजनीति इस कदर हावी हो गई है कि अब उद्योग धंधे बंद होते जा रहे हैं, नौकरियाँ खत्म होती जा रही हैं। पढ़े लिखे शिक्षित युवक बेरोजगारी की कतार में खड़े होने विवश हैं। एचएमएस के महामंत्री प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि राजनीति के चलते 29 श्रम कानूनों को बदल कर चार श्रम संहिताएं बनाई गई है, जिससे श्रमिकों का अधिकार समाप्त हो जाएगा। संस्था के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने अमृत काल में तो मर्यादा लांघकर धर्म की आड़ में राजनीति को पोषित किया जा रहा है। गाँधी के नाम पर केवल राजनीति हो रही है। दुर्ग जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गुलाब सिंह पटेल, बीबीएबीएनएस के राष्ट्रीय संयोजक अजहर अली, समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष कौसर खान और नमिता थवाईत ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में त्रिलोक मिश्रा, कपिलदेव प्रसाद, वजीहुद्दीन, त्रिलोक सिंह, मदन प्रसाद श्रीवास्तव के अलावा बड़ी संख्या में कालोनीवासी उपस्थित थे।

### शाप्रा शाला भोथली में गुरुपूर्णिमा मनाई गई

**अंडा**। शासकीय प्राथमिक शाला भोथली में गुरुपूर्णिमा पर माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर, गुरुजनों का सम्मान किया गया। इस दौरान शासकीय महाविद्यालय निकुम के अध्यक्ष पूर्व सरपंच सुरेश कुमार साहू ने कहा गुरु का सम्मान करें,गुरु के द्वारा ही हमें ज्ञान की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर भानुप्रताप वर्मा प्रधान पाठक , प्रमोद कुमार बलवर शिक्षक, चंदन साहू शिक्षक , अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, महेंद्र यादव , लक्ष्मण देशलहरे, मीरा साहू और कांति बाई यादव उपस्थित थे।

## जनपद उपाध्यक्ष ने किया स्कूल का अवलोकन

# प्रधान पाठक के नहीं आने से चरमराई स्कूल की व्यवस्था, ग्रामीणों ने उठाई सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸।उतई

जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ने गुरुवार को करगाडीह स्कूल का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने बच्चों के कक्षा में जाकर पढ़ाई व शिक्षकों कि गतिविधियों कि जानकारी ली , साथ ही साथ शिक्षकों व जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन से भी मिलकर शिक्षकीय व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान उन्हें बताया गया कि नये शिक्षा सत्र शुरुआत के बाद भी शिक्षिका स्कूल में बिना किसी को बतायें अनुपस्थित है जिससे पूरे स्कूल में अव्यवस्था है। बच्चों को स्थानांतरण प्रमाणपत्र के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक ने उन्हें जानकारी दी कि आलमारी की चाभी ग्रामीण प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक रूपा साहू के पास है जिसमें स्कूल संबंधित सभी रजिस्टर है, उनके नहीं आने से स्कूल संचालन में काफी समस्या आ रही है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सरपंच व ग्रामीण द्वारा शिकायत कि गई लेकिन आज तक शिक्षिका के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कि गई। फिर से जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने लिखित शिकायत की है । इस पर हिरवानी ने संकुल प्रभारी व बीओ राजेश्वरी चन्द्राकर से फोन पर चर्चा कर , जल्द ही करवाई करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सरपंच करण सेन , पूर्व सरपंच घनश्याम गजपाल, उप सरपंच रुपेन्द्र साहु , शाला विकास समिति अध्यक्ष भान बघेल, जामवंत गजपाल, मनीष सोनवानी, विरेन्द्र, संकुल समन्वयक योगेन्द्र कुमार बसोना, मीडिल स्कूल प्रधान पाठक भगवान दास टंडन सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे ।



# खुले में खतरा: वर्षा में हादसे को दावत दे रहे सेप्टिक टैंक के सैकड़ों गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

टाउनशिप और पटरीपार के रिहायशी इलाकों और व्यस्ततम सड़कों के किनारे सैकड़ों खुले सैप्टिक टैंक और बोरिंग के गड्ढे हादसे को दावत दे रहे हैं। गड्ढों में कव्हर नहीं होने से बारिश का पानी भर जाने से दुर्घटना के साथ गंदगी और संक्रामक बीमारी का अंदेशा भी बना हुआ है। इस मामले में बीएसपी और नगर निगम पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं। यूनियनों और पार्षदों ने जल्द सभी मेनहोल में कवर लगाने की मांग की है।

मानसून ने शहरवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सबसे ज्यादा परेशानी आवाजाही और सार्वजनिक स्थलों के आसपास जगह जगह खुले गड्ढों से है। बीएसपी टाउनशिप के साथ पटरीपार के नगर निगम क्षेत्रों में गटर और बोरिंग के गड्ठे खुले में खतरा साबित हो रहे हैं। टाउनशिप में ऐसे खुले गटर की संख्या दस बीस नहीं बल्कि सैकड़ों बल्कि हजारों में है। अधिकतर सेक्टरों में आवासीय ब्लाकों के पीछे बेकलेन में स्थित सेप्टिक टैंक में कवर गायब हैं। सेक्टर 2, सेक्टर 3, 6,7 सेक्टर 8 और रिसाली व मड़ौदा सेक्टर सहित आफिसर कालोनी सेक्टर 10 व सेक्टर 9 तक में जगह जगह ऐसे गटर के गड्ठे हैं, जिनमें वर्षों से ढक्कन यानी कव्हर नहीं हैं। यह टैंक करीबन 5 फीट गहरे और तीन फीट चौड़े हैं। पिछले तीन दिन से हो रही बारिश से अधिकतर गटर के गड्ठों में पानी भर गया है। यूनियनों ने बताया कि गटर में लबालब भरे गटर से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इनमें बछड़े, सूअर, कुत्ते व बिल्ली आदि आवारा मवेशी गिरते रहते हैं । वहीं रोज खाली बोतलें व प्लास्टिक आदि बीनने आने वाले बच्चों और रहवासियों के भी छोटे बच्चों के गिरने का अंदेशा बना हुआ है। सीवेज की गंदगी व बदबू से संक्रामक बीमारी की भी आशंका बनी हुई है। एटक यूनियन के महासचिव वीके सोनी ने बताया कि कई बार सभी खुले सेप्टिक टैंकों में कवर लगाने की मांग की गई है। अभी बारिश में दुर्घटना व गंदगी को देखते हुए गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरुरत है।

## टाउनशिप व पटरीपार इलाके के सैकड़ों सेप्टिक टैंक में नहीं हैं कव्हर, गड्ढों में भरा पानी

### पंद्रह साल पूर्व सर्वे में 5 हजार बिना कवर वाले गटर होल

टाउनशिप के कई सेक्टरों में सड़कों के किनारे, बाजारों, स्कूलों व भवनों के पीछे या निकटस्थ कई गटर खुले हुए हैं। सेक्टर 6 में डी मार्केट के सामने वाली सड़क किनारे और प्रियदर्शनी अंडरब्रिज रोड में पुराने स्कूल के किनारे 2 गटर के कवर नहीं हैं। सेक्टर 3 में फ्लाइओवर के निकट व सेक्टर 7 में कल्याण कालेज रोड में 3 सेप्टिक टैंक कवर नहीं होने से पानी भरा है। गौरतलब हो कि वर्ष 2009 में पीएचडी द्वारा करवाए गए सर्वे में पूरे टाउनशिप में 5 हजार गटर ऐसे थे, जिनके ढक्कन नहीं थे। सुरक्षा की दृष्टि से सभी में कवर लगाने का सुझाव दिया गया था। पंद्रह साल बाद भी खुले मे खतरा बने हुए हैं।



### पटरीपार में भी बोरिंग के गड्ढों में पानी

टाउनशिप की तरह पटरीपार के निगम क्षेत्र में भी आवाजाही वाले क्षेत्रों ऐसे कई गड्ढे हैं, जो बारिश में हादसे को दावत दे रहे हैं। इनमें सेप्टिक टैंक के मेनहोल, इंटकवेल टैंक में कवर नहीं हैं। जल स्तर कम होने वाले बोरिंग के गड्ठों और नए हैंडपंप के लिए खोदे गए कई गड्ठों में बारिश में पानी भर जाता है। फोरलेन के किनारे स्लम कृष्णानगर व संजय नगर में कई बोरिंग में जल स्तर कम होने पर बस्ती के लोगों ने तीन से 5 फीट गहरे गड्ठे खोदे हैं। इनमें बर्तन रखकर महिलाएं नीचे नल से पानी भरती हैं। रहवासियों ने बताया कि यह गड्ढे बारिश में लबालब हो जाते हैं। दस साल पूर्व एक बच्ची के डूबने की घटना भी हुई थी।

## खबर संक्षेप

### बीएसपी में ठेका मजदूर की मौत

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में गुरुवार को एक ठेका मजदूर की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। खुर्सीपार वार्ड 32 बालाजी नगर निवासी जनक लाल वर्मा 54 वर्ष एसएमएस -2 में मजदूरों के साथ क्लीनिंग का कार्य कर रहा था। बताते हैं कि अचानक असहज व बेचैनी महसूस करने से लड़खड़ाने लगा। उसके साथ उसे संभाल पाते इसके पहले ही वह चक्कर खाकर नीचे गिरने लगा। उसे तत्काल मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे ब्राडडेड घोषित कर दिया। उसके शव को सेक्टर नौ हास्पिटल के मर्च्युरी में रखवाया गया है। पीएम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

### सीटू ने देशव्यापी हड़ताल को सफल बताया

**भिलाई।** भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू ने नौ जुलाई की देशव्यापी हड़ताल को सफल बताते हुए कहा कि किसानों, खेतिहर मजदूरों और श्रमिकों की एकजुटता से ही आंदोलन को कामयाबी मिली। इस हड़ताल से मजदूर वर्ग ने चेतावनी दिया कि महंगाई निजीकरण व मजदूरी संहिता के नाम पर आधुनिक गुलामी को स्वीकार नहीं करेंगे। भिलाई के मजदूर वर्ग के साथ देश के 25 करोड़ से ज्यादा मजदूरों ने भागीदारी की इस हड़ताल में रही। सीटू के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी ने बताया कि मोदी सरकार और कॉर्पोरेट ताकतों को संदेश दिया है कि श्रमिकों के अधिकारों का दमन और शोषण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मूसलाधार बारिश में शहर को व्यवस्थित करने में छूट गए थे पसीने

# सड़कों पर बारिश में अवरोध बने मटेरियल ठेकेदारों की मनमानी पर नगरनिगम मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दो दिन की मूसलाधार बारिश ने शहर को तर-बतर कर दिया। छोटे-बड़े नाले इतने ऊफान पर आ गए कि निगमों को निकासी व्यवस्था बनाने में पसीने छूट गए। लोगों के घरों में और सड़कों पर पानी ऐसा फैल गया कि आवागमन में दिक्कतें खड़ी हो गई। लोगों को उन स्थानों पर भी परेशानी से जूझना पड़ा जहां सड़कों पर मटेरियल पड़ा था। लेकिन निगमों की मेहरबानी ठेकेदारों पर ऐसी बनी हुई है कि न मटेरियल हटवाया और न ही कोई उपाय किए। लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं हैं।

### बिल्डिंग मटेरियल विक्रेताओं पर भी कार्रवाई नहीं

रिसाली के मरोदा ओवरब्रिज नीचे के आसपास ब्लिडिंग मटेरियल विक्रेताओं ने सड़कों में मटेरियल डालकर दुकानदारी कर रहे हैं। हाल यह है कि बीआरपी साइड की ओवरब्रिज के नीचे बकायदा एक दुकानदार में लंबा-चौड़ा कब्जा कर रखा है। सीजनल सामान बेचता है। इसी के नीचे ब्लिडिंग मटेरियल का स्टॉक एकत्र होता है। इससे दूसरे एप्रोच रोड पर बांस का पूरा लॉट का स्टॉक रहता है। उतई की ओर ओवरब्रिज से जैसे ही नीचे उतरेंगे सड़क किनारे कब्जे ही कब्जे हैं। फल फ्रूट , हॉटल से लेकर कई दुकानें संचालित है। यह कब्जा बढ़ता ही जा रहा है।

## लोगों की आवाजाही हो गई है मुश्किल, दुर्घटनाएं भी हो रही

### गिट्टी और रेत सड़क पर



यह तस्वीर लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला के सामने की है। नेशनल हाइवे रोड है और भिलाई निगम के सामने की नाला निकासी कार्य चल रहा है। महीनों से यह कार्य हो रहा है। इस कार्य का ठेका निगम ने दिया है। नाला बनाने के लिए गिट्टी, रेती जैसे मटेरियल नेशनल हाइवे सड़क पर रखा गया है। बारिश हुई तो यहां से लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया। काम हो रहे हैं लेकिन नियमों का पालन नहीं हो रहा। वर्क स्थल पर लोगों को जानकारी मिले ऐसा कोई संकेतक बोर्ड या रेड रिबन का घेरा भी नहीं किया गया है। जिसकी वजह से अचानक दुपहिया वाहन चालक गिर जाते हैं। उसके बाद भी न ठेकेदार ने मटेरियल को व्यवस्थित करने की कोशिश की और न ही निगम ने ठेकेदार को कोई निर्देश दिए।

### रिसाली नाला के पास मलबा डंप



यह तस्वीर रिसाली निगम क्षेत्र की है। सांई मंदिर के सामने व रिसाली सेक्टर मार्ग किनारे करीब आधा किलोमीटर लंबी काली मिट्टी का ढ़ेर लगा हुआ है। बारिश हुई तो मिट्टी बहकर सड़क पर आ गई। मिट्टी ने सेक्टर एरिया से आने वाले जलभराव को आगे बढ़ने से रोक दिया। जब निगम की टीम जेसीबी लेकर आई तो बारिश के पानी की निकासी व्यवस्था ठीक से नहीं बना पाए। दरअसल सड़क किनारे से बीएसपी द्वारा शिवनाथ नदी से बीएसपी के लिए पानी लाने के लिए पाइप लाइन बिछवाई जा रही है। इस काम को बारिश से पहले ही पूरा करना था लेकिन ठेकेदार ने इसे अधूरा छोड़ दिया है। रिसाली गांव से होकर यह पाइप लाइन गुजर रही है। यहां भी काम सरस्वती नगर से आगे की ओर छोड़ दिया गया है। भरी बारिश में लोगों को आवागमन के लिए जूझना पड़ रहा है।

### पत्र लिखा है

बीएसपी को हमने पत्र लिखा है कि रिसाली सड़क किनारे की मिट्टी को हटाने की कार्रवाई करें। बारिश में यहां पानी निकासी के लिए काफी दिक्कतें उठानी पड़ी। यह कार्य बीएसपी के ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। जिसे अधूरा छोड़ दिया गया है।

**मोनिका वर्मा,** आयुक्त रिसाली निगम

# जिला अस्पताल में प्रसव के दौरान मौत, परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

- अधिक ब्लीडिंग के चलते निकाली गई बच्चेदानी
- सीएस ने कहा- शिकायत के बाद होगी जांच

दुर्ग जिला अस्पताल में बीते बुधवार दोपहर एक प्रसूता की मौत हो गई। मौत के बाद गुरुवार को पीएम के दौरान परिजनों ने जमकर हंगामा किया और अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। परिजनों ने कहा प्रबंधन उन्हें गोलमोल जवाब दे रहा है, स्पष्ट रूप से ये नहीं बता रहा की प्रसूता की मौत कैसे हुई है। वहीं सिविल सर्जन ने कहा कि उन्हें अब तक इसकी कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक जिस प्रसूता की मौत हुई है उसका नाम आरती सिंह है। वो कुम्हारी के कुगदा गांव की रहने वाली है। उसे बुधवार 9 जुलाई को सुबह अस्पताल में डिलिवरी के लिए भर्ती कराया गया था। परिजनों का कहना है कि उनकी बहू की अस्पताल में नॉर्मल डिलिवरी हुई थी। कुछ देर बाद उसको ब्लीडिंग की शिकायत हुई। कहा गया उसकी बच्चेदानी निकालनी पड़ेगी। उसे ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। बच्चादानी निकालने के कुछ देर बाद लगभग दो बजे दोपहर में उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसके शव को मरचुरी में रखवा दिया गया। गुरुवार को उसका पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पीएम के दौरान महिला के पति, सास और अन्य परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ये मौत अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के चलते हुई है। उन्होंने मौत का कारण पूछा तो कोई हाई बीपी, कोई हार्ट अटैक कोई अधिक ब्लीडिंग के चलते बता रहा है। अस्पताल का अस्पताल उन्हें गुमराह कर रहा है। इसलिए इस मामले की जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### ऑपरेशन के 20 मिनट बाद हो गई मौत

महिला के पति लोकेश मार्कंडेय ने बताया कि उनकी पत्नी को लेबर पेन हुआ था। उसे बुधवार सुबह 6 बजे दुर्ग जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुबह 10.35 बजे नॉर्मल डिलिवरी में उसे बेटी हुई। कुछ देर बाद बोला गया कि उसे अधिक ब्लीडिंग हो रही है तो लोकेश ने 6 यूनिट ब्लड का इंतजाम करके दिया। इसके बाद डॉक्टरों ने बोला कि बच्चेदानी निकालनी पड़ेगी। बच्चेदानी निकालने के बाद उसे आईसीयू में शिफ्ट किया गया। उसके 20 मिनट के अंदर उसकी पत्नी की मौत हो गई।

### डॉक्टरों की नहीं है कोई गलती

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. एके मिंज का कहना है कि महिला को अधिक ब्लीडिंग हुई थी। उसे रोका गया और ओटी में लेजाकर बच्चेदानी निकाली गई। इसके बाद ढाई बजे उसकी मौत हो गई। इसमें डॉक्टरों की कोई गलती नहीं है, सभी ने पूरी मेहनत की है। उन्हें अभी तक इस बारे में कोई शिकायत नहीं मिली है।

## टाउनशिप में जलभराव से बढ़ी समस्या, बैकलेन सफाई और अवैध निर्माण हटाने इंटक की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

तीन दिन की लगातार बरसात से पानी पानी हुई टाउनशिप में जलभराव की विकट समस्या से लोग जूझते रहे। स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक बारिश के कारण बीएसपी क्वार्टरों में पानी भरने पर चिंता जताते हुए प्रबंधन से जल निकासी के लिए तत्काल बेकलेन की सफाई और अवैध निर्माण हटाने की मांग की है।

यूनियन की कार्यकारिणी की गुरुवार को हुई बैठक हुई बारिश के चलते टाउनशिप में जगह जगह जलजमाव और इससे लोगों को होने वाली समस्याओं पर चर्चा हुई व समस्या के निदान पर जोर दिया गया। उप महासचिव शिव शंकर सिंह ने बताया कि पिछले लगातार वर्षा से कई सेक्टरों में कर्मचारियों के क्वार्टर में पानी भर गया । इसका मुख्य कारण बैकलने की लंबे समय से सफाई नहीं होने व पानी बहाव के रास्तों पर अवैध निर्माण कर लेना है । बरसात की अभी शुरुआत हुई है अभी से लोग परेशान हैं।प्रबंधन जल्द हटाया जाए सफाई व अवैध निर्माण हटाए,ताकि लोगों के घरों में पानी ना घुसे । वरिष्ठ सचिव राजकुमार ने कहा कि टाउनशिप प्रबंधन ने टारफेल्टिंग का काम शुरू तो किया है लेकिन अभी भी बहुत सारे क्वार्टरों में टाररफेल्टिंग नहीं होने से सीपेज की समस्या बनी हुई है ।

### कब्जों से पानी निकासी नहीं

महासचिव वंश बहादुर सिंह में बताया कि बारिश से सेक्टर 2,4,5,6 सहित अन्य सेक्टर में पानी भर गया। प्रबंधन ने सेक्टर 4 सहित अन्य सेक्टर में अवैध कब्जों को तोड़कर पानी निकलने का रास्ता बनाया लेकिन अभी भी सेक्टर 5 सहित कई सेक्टर में समस्या बनी हुई है । जल्द ही प्रबंधन से मिलकर समस्या के निदान की मांग की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि, डीजीएस रमाशंकर सिंह शिव शंकर सिंह सहित जीआर सुमन, रेशम राठौर, ताम्रध्वज सिन्हा, किशोर प्रधान, एसपी सिंह, विजय विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## पाटन के कॉलेजों में सीमित विषय, शहर जाना मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

पाटन क्षेत्र उच्च शिक्षा के मामले में पिछड़ रहा है। यहां से पढ़े विद्यार्थी देश-विदेश में अपनी पहुंच रखते हैं लेकिन यहां महाविद्यालयों में ऐसे बहुत से जरूरी पाठ्यक्रम की उपलब्धता नहीं है, जिनकी वजह से विद्यार्थी शहरों की ओर रुख करते हैं। यहां शासकीय महाविद्यालय पाटन , जाम गांव आर और रानीतराई संचालित हो रहे हैं ,परंतु यहां के छात्रों बीए, बीएससी, बीकॉम और पीजीडीसीए के अलावा अन्य विषयों की पढ़ाई नहीं हो रही है। स्थानीय छात्र बि. लिब , एम लिब, बीपीएड, एमपीएड एलएलबी, पॉलिटेक्निक ,संगीत और पत्रकारिता जैसे विषयों के पढ़ाई के लिए दुर्ग, भिलाई, रायपुर ,बिलासपुर जैसे शहरों की की तरफ जाते हैं। जहां निजी कालेज में इन्हें मोटी फीस देना पड़ती है। पाटन मे शिक्षा का स्तर तो ऊंचा है, परंतु स्थानीय महाविद्यालयो पर इन विषयों का संचालन नहीं होता है, इस कारण यहां के छात्रों को भटकना पड़ता है। पाटन क्षेत्र के ग्रामीण छात्रों की मांग है कि क्षेत्र के शासकीय महाविद्यालय में इन विषयों का संचालन शुरू किया जाए, ताकि उन्हें कम फीस पर अच्छी शिक्षा मिल सके।

पाटन ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण यहां के लोग शहरों में नहीं जा सकते जिसके लिए उन्हें स्थानीय महाविद्यालय में प्रवेश लेना पड़ता है। यहां रानीतराई, जामगांव और पाटन में बीए,बीएससी, बीकॉम ,पीजीडीसीए और एमएससी विषयों को पढ़ना पड़ता है अगर उन्हें दूसरे विषय में पढ़ाई करना है तो उन्हें दुर्ग, भिलाई, रायपुर और बिलासपुर जाना ही पड़ेगा। पाटन क्षेत्र के लोग ज्यादातर कृषि पर निर्भर हैं वे महंगी शिक्षा के कारण बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने में असमर्थ हो रहे हैं । पाटन क्षेत्र जो की कृषि आधारित जनसंख्या है यहां के ज्यादातर लोग खेती बाड़ी मजदूरी का काम करते हैं। जिसके कारण वह अपने बच्चों को बड़े शहर के बड़े कालेजों में नहीं पढ़ा सकते और उन्हें छोटे विषयों की पढ़ाई तक ही सीमित रह जाना पड़ता है। आखिर में थक हार शिक्षा से वंचित रह जाते हैं ।



- डीएड, बीएड,पॉलिटेक्निक ,एलएलबी पढ़ने छात्र भटकने को मजबूर

### प्राइवेट कॉलेज में फीस अधिक

डीएड बीएड ,पॉलिटेक्निक,एलएलबी बि लिब एम लिब, बीपीएड, एमपीएड, संगीत और पत्रकारिता जैसे पाठ्यक्रम का संचालन बड़े शहरों में होता है। इनमें भी ज्यादातर विषय प्राइवेट कॉलेजों में ही है और वहां पढ़ने के लिए ज्यादा फीस लगती है। पाटन क्षेत्र के बच्चे ग्रामीण परिवेश से पले बड़े होते हैं और उनके माता-पिता कृषि पर निर्भर है। इसलिए वे प्राइवेट कॉलेज के मोटी रकम को नहीं दे पाते इसलिए उन्हें उच्च शिक्षा से वंचित होना पड़ता है।

## हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड का गेस्ट हाउस किया सील

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के तोड़ दस्ते ने गुरुवार को टाउनशिप में अवैध कब्जे के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की। कार्यपालक मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की मौजूदगी में हिंदुस्तान कांपर लिमिटेड के गेस्ट हाउस की सील कर दिया गया। बेदखली कार्रवाई संपदा न्यायालय के आदेश 2 व 23 मई के आदेश पर की गई। बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग की टीम ने सेक्टर 5, सड़क 4 आवास 2 -बी स्थित हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के गेस्ट हाउस को सील किया गया। यह कार्यवाही कार्यपालक मजिस्ट्रेट ढालसिंह बिसेन एवं थाना कोतवाली, सेक्टर6 की पुलिस बल की उपस्थिति में की गई। आवास सेके अवैध कब्जाधारियों पर बेदखली की कार्यवाही की गई। इस दौरान कार्यपालक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में ही आवास में मौजूद सामानों को सूचीबद्ध करते हुए उनकी जब्ती बनाई गई। खाली कराए गए गेस्ट हाउस के आवास को सील कर दिया गया। पूरी कार्यवाही का पंचनामा रिपोर्ट गवाहों की मौजूदगी में तैयार किया गया ।



## जतिन दास की आकर्षक कलाकृति व उद्यान का निर्माण अंतिम चरण में

# इस्पातनगरी भिलाई की शान बढ़ाएगी लाइट ऑफ स्टील

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

देश के प्रख्यात कलाकार जतिन दास की आकर्षक कलाकृति अब इस्पात नगरी के ह्दयस्थल की शान बढ़ाएगी। शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम के निकट मैदान में निर्माणाधीन आकर्षक उद्यान स्टील आफ लिबर्टी नामक क्लासिक कलाकृति का निर्माण अंतिम चरण में है। जल्द ही खुद जतिन दास इसका उद्घाटन करने भिलाई आएंगे।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रसिद्ध कलाकार जतिन दास की कलाकृति के लिए भिलाई निवास के निकट मैदान में आकर्षक उद्यान का निर्माण किया जा रहा है। कला और बीएसपी के फौलाद उत्पादन के संगम पर केंद्रित उनकी संदेशपरक मोहक कलाकृति भिलाई के साथ अंचल को भी लुभाएगी। कलाकृति को स्थापित करने के लिए खुले स्पेस के बीच हरितिमा से परिपूर्ण उद्यान का निर्माण कराया जा रहा है।

इसका तीन चौथाई निर्माण हो चुका है। स्वंय जतिन दास के मार्गदर्शन में कलाकृति उद्यान का नर्माण हो कराया जा रहा है। वे बीच बीच में इसका अवलोकन करने के लिए भी भिलाई आते हैं। आफ स्टील उद्यान का निर्माण कार्य पूर्ण होते जल्द ही वे इसके उद्घाटन के लिए भिलाई आएंगे।

### जल्द कलाकार जतिन करेंगे उद्घाटन



### सेक्टर 1 चौक से हुई स्थानांतरित

गौरतलब हो कि डेढ़ दशक पूर्व कलाकार जतिन दास से मार्गदर्शन में उनकी यह इक्विपमेंट नामक यह कलाकृति लाइट ऑफ स्टील सेक्टर 1 चौक में स्थापित की गई थी। इसके उद्घाटन के लिए भी बीएसपी ने कलाकार जतिन दास को आमंत्रित किया था। उनकी कलाकृति के स्थापाना के बाद से इस चौक का नामकरण इक्विपमेंट चौक किया गया था। लेकिन स्टील की पत्तियों व आर्टिकल से तैयार इस कलाकृति को आमजन बोलचाल की भाषा मुर्गा चौक कहने लगे। इस दौरान यहां बीएसपी के फ्लाइओवर का निर्माण होने से इस कलाकृति हटाना पड़ा। इसकी सूचना जतिन दास को मिलने पर उन्होंने सम्मानपूर्वक उनकी कलाकृति को यथोचित स्थल पर स्थापित करने बीएसपी से कहा था। उनका सम्मान करते हुए बीएसपी ने भिलाई निवास मैदान में उद्यान बनाकर उनकी कलाकृति को आकर्षक रुप से उन्हीं के मार्गदर्शन में उद्यान का निर्माण कर स्थापित कराया जा रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
रिजर्वेशन कोच
13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर -16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



04 मानसून में ऑफिस आउटफिट के लिए ये कलर रहेंगे बेस्ट

## लाइव इवेंट

# शिवनाथ नदी के रौद्र रूप और बाढ़ के नजारे को देखने जुटे लोग



**भिलाई।** पिछले 48 घंटे की लगातार बारिश ने कल तक जनजीवन को अस्त व्यस्त कर रखा था। निचली बस्ती में जल भराव से लोग परेशानी का अनुभव कर रहे थे। शिवनाथ नदी में बाढ़ आई हुई है। शिवनाथ नदी उफान पर है। लेकिन वहीं प्रकृति प्रेमी यह नजारा देखने दुर्ग जा रहे है। दुर्ग शहर के लोग प्रकृति के इस नजारे और अनुपम सौंदर्य का आनंद लेने नदी के किनारे जुट रहे हैं। महमरा एनिकट के किनारे युवाओं और प्रकृति प्रेमियों की भीड़ लगी हुई है और मेले जैसा माहौल बना हुआ है। दुर्गराज से लोग यहां एकत्रित हो रहे हैं। प्रकृति प्रेमी आशुतोष सिंह ने बताया कि प्रकृति के ऐसे दृश्य बार-बार देखने को नहीं मिलते। हफ्ते 10 दिन पहले तक पानी को तरसते हुए लोग अब पानी में डूबते हुए दिखाई दे रहे हैं। शिवनाथ नदी को इस रूप में देखना बहुत ही स्मरणीय है। सतीश धीवर ने कहा मानसून और सावन की झड़ी मन स्थिति को नया आयाम देती है। डॉ. अजय आर्य ने कहा कि बाढ़ की स्थिति गांव में और विकट है। यही बाढ़ एक व्यक्ति के लिए दर्शनीय और आनंद दाई है तो दूसरे व्यक्ति के लिए यह परेशानी है। गुरुवार तो शिवनाथ नदी के किनारे लोग भुट्टे-पकोड़े और गरमा-गरम समोसो का आनंद लेते हुए दिखाई दिए। शिवनाथ नदी के किनारे धार्मिक लोग भी शिव मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए और शिवनाथ नदी को प्रणाम करने काफी संख्या में लोग पहुंच कर नजारे का लुत्फ उठा रहे है।



## सिटी इवेंट

# रागमंजरी के भजन-भक्ति गीतों ने भक्तों को किया भाव विभोर



**भिलाई।** सेक्टर 6 स्थित जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में रथयात्रा उत्सव के बाद महाप्रभु भक्तों को अब रोज दर्शन दे रहे है। इसी कड़ी में नीलाद्रि बिजय अनुष्ठान भक्तिमय गीत-संगीत के बीच संपन्न हुआ। किसी भी धार्मिक स्थल में रागमंजरी द्वारा पहली बार पेश भक्ति संध्या में इतनी शक्ति हमें देना दाता, श्री गणेशाय धीमहि, हे कृपा सागर, चदरिया झिनी रे झिनी, मैली चादर ओढ़के, सत्यम शिवम सुंदरम, मन तड़पत हरि दर्शन को आज, तोरा मन दर्पण कहलाए, ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन, श्याम तेरी बंसी, तोला गाड़ा गाड़ा जोहार दाई, राधिके तूने बांसुरी चुराई जैसे भक्ति गीतों के रंग में सभी श्रोता रंग गए। नीलाद्रि बिजय अनुष्ठान भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की मुख्य मंदिर में वापसी का प्रतीक है। रागमंजरी ने कराओके के माध्यम से भजन और भक्ति गीतों की ऐसी अमृत वर्षा की कि वहां पर मौजूद भक्तगण भावविभोर होकर झूमने लगे। हिंदी और छत्तीसगढ़ी में भक्ति गीतों से समां बांधने वाले गायकों में तपन कुमार नाथ, जीवनंदन वर्मा, सुरेश बारसागड़े, जगदीश बामनिया, प्रमोद ताम्रकार, ऋषभ साहू, तामेश्वर साहू, जाह्नवी दत्ता एवं रोशनी साहू शामिल हैं, जबकि कार्यक्रम का संचालन तिलक वर्मा ने किया। इस मौके पर मंदिर समिति के संरक्षक तुषारकांत महापात्रा, अध्यक्ष दिलीप महंती, महासचिव अरुण पंडा, समिति के सदस्य शरद विशाल, गजेंद्र पंडा, रविंद्र साहू, शशिभूषण महंती, संजय साहू, संन्यास साहू, सुभाष साहू, जितेंद्र भुइयां, दंडासी पटनायक, राजीव भुइयां, हरि राउत, प्रभात त्रिपाठी, संतोष महाराणा, प्रशांत सामल, नीलमणि नायक, रविंद्र मुनि, राजेंद्र पंडा, ललित पाणिग्रही, बलराम रथ, सिम्हाचल महंती तथा गौरी साहू समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




## आस्था, विश्वास व समर्पण का महापर्व गुरु पूर्णिमा

# गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागूं पांय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियौ बताय, निभाई गई गुरु-शिष्य परंपरा



आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारि गुरु आपकी गोविंद दियों बताए,,,, संत कबीर के इस दोहे को सार्थकर करते हुए गुरु पूर्णिमा के अवसर पर लोग गुरु शिष्य पंरपरा का निर्वहन करते हुए देवालय, विद्यालय, शिक्षण संस्थानों में गुरुओं की पूजा और सेवा की।





**भिलाई।** गुरुवार को दुर्ग-भिलाई में जगह-जगह गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सेक्टर 2 राम भद्र सेवा मंडल, सेक्टर 6 सांई बाबा मंदिर, शनि मंदिर राधिका नगर, गायत्री मंदिर, गजानन मंदिर से लेकर अन्य जगहों पर विभिन्न कार्यक्रम हुए।

गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6, गायत्री शक्तिपीठ कैम्प-2 पावर हाउस, शिव गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर, गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान रामनगर मुक्तिधाम भिलाई सहित अंचल के सभी गायत्री मंदिरों में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा एवं भक्तिभाव पूर्वक मनाया गया। इस दौरान सेक्टर 2 रामभद्र सेवा मंडल के आचार्य पं संदीप तिवारी के शिष्यों ने गुरु शिष्य परंपरा का निर्वन करते हुए चरण आचमन किया।

### गायत्री शक्तिपीठ सहित अंचल के सभी प्रज्ञा संस्थानों में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा एवं भक्तिभाव पूर्वक मनी



गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6, गायत्री साधना केन्द्र रिसाली बस्ती, शिव गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर, प्रज्ञापीठ रामनगर मुक्तिधाम, प्रज्ञा मंडल ए मार्केट सेक्टर-6 भिलाई शारदा पारा केम्प -2 पॉवर हाउस भिलाई, छावनी बस्ती,गायत्री शक्तिपीठ स्टेशन रोड दुर्ग, प्रज्ञापीठ कादम्बरी नगर दुर्ग, गायत्री मंदिर कसारीडीह दुर्ग, बघेरा, उतई सहित अंचल के सभी गायत्री मंदिरों में श्रद्धा एवं भक्तिभाव पूर्वक मनाया गया। इन सभी स्थानों में सुबह दैनिक आरती अभिषेक, अखण्ड जप, ध्यान साधना के बाद सुबह 9 बजे से गायत्री यज्ञ आयोजित कर गायत्री परिवार के संथापक पं श्रीराम शर्मा आचार्य एवं गुरुमाता भगवती देवी शर्मा का गुरुपूजन किया। यहां आचार्यो द्वारा दीक्षा संस्कार भी कराये गये। गायत्री परिवार द्वारा आयोजित गुरुपूर्णिमा पर्व में दुर्ग सांसद विजय बघेल भी शामिल हुए। उन्होंने गायत्री परिवार को गुरुपूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भिलाई जिस तरह से मिनी भारत है उसी तरह भिलाई मिनी शांतिकुंज है। पं श्रीराम शर्मा एक महान संत थे, है और रहेंगे। गुरु सच्चे मार्ग की ओर चलने प्रेरित करता है जीवन में सुख शांति प्रदान करता है इसलिए हमें गुरु के द्वारा बताये मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यकर्ता मोहन उमरे ने कहा कि समस्याओं का समाधान अगर कोई है तो वह है सद्बुद्धि और आत्मबल बढ़ाने वाली युगशक्ति गायत्री है। गायत्री को यज्ञ, शिक्षा एवं संस्कार के माध्यम से जन -जन के जीवन में प्रतिष्ठित करना है। गुरु पूर्णिमा पर्व पूजन, यज्ञ हवन, आरती, शांतिपाठ के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान वासुदेव शर्मा, एस पी सिंह, डॉ एस कुमार, मोहन उमरे, गुंडरदेही पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू, लताऋषि चंद्राकर, अजीत सोनबेर, यामनी सोनबेर, हेमलाल साहू, लक्ष्मण देवांगन, सरस्वती, मयंक, भूमिका, अनिल चौधरी, फते लाल वर्मा, प्राणेश बेलचंदन सहित संस्थान के सभी महिला-पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने किया रक्तदान

सेक्टर 6 शिर्डी साई बाबा संस्थान में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से ही विभिन्न आयोजन किये गए। गुरुवार की सुबह 6 बजे साई बाबा की कांकड़ आरती के बाद प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित होने वाली सामूहिक सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया। 9 से 11 बजे तक बाबा का अभिषेक किया गया। 11 बजे से सत्य साई बाबा संस्थान द्वारा भजन-कीर्तन किया गया। फिर साढ़े 12 से 4 बजे तक महाभंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 5 हजार साई भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी बीच 9 बजे से 1 बजे तक मंदिर संस्थान और सन्ना ब्लड बैंक दवरा आयोजित रक्तदान शिविर में गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने 25 साई भक्तों ने रक्तदान किया। साथ ही सेक्टर 9 के पूर्व निदेशक ईएनटी विशेषज्ञ डॉ ए के गर्ग द्वारा निशुल्क जांच शिविर लगाया गया था। इस अवसर पर शाम की आरती के बाद 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त गायक पीटी उल्लास सहित अन्य के द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई।

### भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन करने लगी कतार



पुलगांव नाका नवकार परिसर स्थित श्री रामदेव बाबा दरबार में गुरु पूर्णिमा पर्व पर चालीसगांव (महाराष्ट्र) के संत गुरुदेव सोहनलाल बापजी का गुरु पूर्णिमा महोत्सव पूरे आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुदेव सोहनलाल बापजी की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन के लिए दरबार में श्रद्धालुओं की कतारे लगी रही। सुबह गुरुदेव की महाआरती के बाद दरबार में दिनभर भजन कीर्तन की धूम मची रही। प्रसिद्ध भजन गायक गौरव बजाज द्वारा गुरुदेव के जीवन पर आधारित भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। भजनों की धुन पर नाच गाकर श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा भक्ति प्रकट की।

### बम्लेश्वरी मंदिर सेक्टर 6 में मनाया पर्व



बंम्लेश्वरी मंदिर सेक्टर 6 में मंदिर के संस्थापक गुरुदेव स्व. यादव रावजी जौंजाड़कर की सुबह अभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की गई उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में उपस्थित भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी दीपक जौंजाड़कर ने बताया कि मंदिर में हर साल गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। इस दिन गुरुदेव के अनुयायी विभिन्न स्थानों से मंदिर पहुंचते है।

### गुरुजनों का लिया आशीर्वाद



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आचार्य पंडित ओम प्रकाश द्विवेदी के अनुयायियों ने अपने गुरु को प्रणाम कर आर्शिवाद लिया। इस दौरान महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक और उपाध्यक्ष प्रमिला दुबे, अमित मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### शासकीय स्कूल में मनी गुरुपूर्णिमा

शाउमा कन्या शाला उतई व पूमावि पुरई में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और उपस्थित गुरुजनों को नमन कर उनका सम्मान किया। एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत शाला परिसर में वृक्षारोपण किया पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



### गुरुजनों का किया सम्मान



गुरु पूर्णिमा पर देववाणी संस्कृत विद्यालय रामनगर सुपेला भिलाई में आज मां सरस्वती मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा व गुरु जनों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल संस्कृत के आचार्य महेश शर्मा व समिति के पदाधिकारी प्रधानाचार्य काशी नाथ राम वर्मा, उप प्रधानाचार्य वीर सिंह एवं शिक्षक शिक्षिकाएं सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को शैसे और बैचेस पहनाकर किया सम्मानित

### कार्नर न्यूज

# विद्यार्थी परिषद ने अनुशासन बनाए रखने और विद्यालय हित में कार्य करने ली शपथ



**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में विद्यार्थी परिषद का गठन कर अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को शैसे और बैचेस प्रदान किया। सभी ने अनुशासन बनाए रखने तथा विद्यालय हित में कार्य करने की शपथ ली। छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि विद्यालय मेरा या शिक्षकों का नहीं अभी तो यह छात्र-छात्राओं का है।



### विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका

हम आते हैं और चले जाते हैं। हमारे स्थानांतरण की एक प्रक्रिया है। बच्चे परमानेंट हैं और जो बच्चा कक्षा एक में प्रवेश लेता है वह कक्षा 12वीं तक 12 वर्ष अपने जीवन के महत्वपूर्ण विद्यालय में बीताता है। विद्यार्थी परिषद के गठन का उद्देश्य यही है की विद्यालय के हित में छात्र फैसले लेने जिम्मेदार बने। विद्यालय को सुरक्षित और अनुशासित रखने के लिए विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जब भी आपको लगे कि गलत हो रहा है कुछ बेहतर होना चाहिए आप अपने सुझाव हमें जरुर बताएं कि हम छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करें। 21वीं सदी का भविष्य आप ही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे छात्र ही देश का उज्जवल भविष्य है। विद्यालय की सभी संसाधन छात्र-छात्राओं के लिए हैं और इसका सही ढंग से सही रखरखाव के साथ उपयोग होना चाहिए। अगर कोई छात्र संसाधनों को खराब करने की कोशिश करता है तो हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम उसके निगरानी करें और उसे रोकें।

### विद्यार्थियों ने ली शपथ

इस अवसर पर विद्यालय कप्तान अनमोल देवांगन के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं में अनुशासन बनाए रखने तथा विद्यालय हित में कार्य करने की शपथ ली। शपथ के दौरान शिवाजी, टैगोर, अशोक, रमन सदन के ध्वज लहराए गए।

### इन विद्यार्थियों को मिली जिम्मेदारी

विद्यालय कप्तान, सीसीए कैप्टन, पब्लिकेशन कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन जैसी विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर छात्रों का उनकी रुचि के आधार पर वोटिंग एवं इंटरव्यू की प्रक्रिया के साथ चयन किया गया था। लंबी चुनाव प्रक्रिया के पश्चात इन विद्यार्थियों को जिम्मेंदारी दी गई। विद्यालय कप्तान बालक अनमोल देवांगन, बालिका राज मेश्राम, विद्यालय अनुशासन कप्तान बालक अंश, बालिका वेन्या कुशवाहा, पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप सीसीए कप्तान बालक प्रतीक वर्मा, बालिका श्वेता साहू, विद्यालय खेल कप्तान, बालक लक्ष्य ताम्रकार, बालिका खुशी यादव, पब्लिकेशन कप्तान बालक यश शर्मा, बालिका टीनू , इनके अतिरिक्त विद्यालय उपकप्तान कक्षा 11 से एवं सभी चार सदनो के लिए सदन कप्तान एवं अन्य पदों में विद्यार्थियों को चयनित कर उन्हें बैच पहनाकर अलंकृत किया गया एवं दायित्वों के प्रति शपथ दिलाई गई। इस अलंकरण समारोह में प्राचार्य उमाशंकर मिश्र, उप प्राचार्य महोदय पुष्पा बड़ा, सीसीए प्रभारी पुरुषोत्तम साहू, सदन प्रभारी नीता दास, एम ए नंदनवार, धर्मेंद्र कुमार यादव, डॉ अजय आर्य, नरेश सिंगरौल, सतीश कुमार धीवर, बिंदु शिवराजन, गीता माली सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

# वरिष्ठ नागरिक एकता मंच ने किया चिकित्सकों का सम्मान



**भिलाई।** वरिष्ठ नागरिक एकता मंच भिलाई ने सांई मंदिर प्रांगण कोहका-कुरूद में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित समारोह में विशिष्ट योगदान देने वाले अंचल के चिकित्सकों का सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक महासंघ के सलाहकार घनश्याम कुमार देवांगन मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में चिकित्सकों के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि चिकित्सकों की सेवा भावना ही उन्हें उत्कृष्ट बनाता है। इसलिए हर चिकित्सक को अपने चिकित्सा व्यवसाय के साथ ही मानवता की सेवा भावना को सर्वोपरि रखना चाहिए। चिकित्सकों का योगदान स्वास्थ्य सेवाओं में बहुत महत्वपूर्ण होता है। वे बीमारियों का निदान, उपचार और रोकथाम करके तथा उत्तम स्वास्थ्य को बढ़ावा देकर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चिकित्सकों ने भी अपने संबोधन में समवेत स्वर में मानवता की सेवा के अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि हम सब समाज के अभिन्न अंग है और सेवा करना हमारा कर्तव्य है। सम्मानित होने वाले चिकित्सकों में पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय सेक्टर -9 के वरिष्ठ सर्जन डॉ. मनीष देवांगन, चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ डॉ. अमरनाथ तारक, डॉ. एल. के. साहू, डॉ. वर्षा पांडेय, हाईटेक हास्पिटल के डॉ. टी. पी. देवांगन शामिल थे। उनका वरिष्ठ नागरिक एकता मंच की ओर से शॉल, श्रीफल एवं पुष्प भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष हुकुमचंद देवांगन, शिवप्रसाद साहू, पुजारी टिकेश्वर वैष्णव एवं नरेन्द्र पांडेय सहित सदस्य गण विशेष रूप से उपस्थित थे।

■ चिकित्सकों की सेवा भावना ही उन्हें उत्कृष्ट बनाता है : घनश्याम देवांगन

## श्वेताम्बर जैन समाज के चातुर्मास के पहले दिन आनंद मधुकर भवन और नगपुरा में धर्मसभा

# श्रद्धा जीवन में बोली, ज्ञान, योग, ध्यान का मक्खन है, जो व्यक्ति को बनाता है सदगुणी, छठते हैं अंधकार के बादल

**भिलाई।** जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में हर्ष और उल्लास के वातावरण में गुरुवार से चातुर्मास की शुरुआत हुई। पहले दिन बड़ी संख्या में श्रावक और श्राविकाओं ने त्याग,, तपस्या और धर्म-आराधना कर चातुर्मास के आयोजन को यादगार बनाया। चतुर्मास की पहली धर्म सभा को संबोधित करते हुए समन्वय साधिका साध्वी प्रियदर्शना श्री ने कहा जीवन में श्रद्धा ही बोल है, श्रद्धा ही योग है, श्रद्धा ही ज्ञान है, श्रद्धा ही ध्यान है। श्रद्धा ही जीवन का मक्खन है। यही सार तत्व से श्रद्धावन व्यक्ति समस्त सद्गुणों का अधिकारी हो जाता है, जिसमें श्रद्धा गुण नहीं है। उसके समस्त सद्गुण भी दुर्गुण रूप में हो जाते हैं। श्रद्धा से सद्बुद्धि जाती है। और श्रद्धा से कुबुद्धि जाती है, जो सुविचार वन है। वही सु साधु है। जो खूब विचारवान है, वही सु साधु है। श्रद्धा जीवन का सत्य प्रकाश है। जीवन में श्रद्धा का प्रकाश बढ़ता है तो अश्रद्धा ओर अंध श्रद्धा के बादल छट जाते हैं।





### नगपुरा तीर्थ में चातुर्मास की शुरुआत, शुरू हुई धर्मसभा की श्रृंखला

नगपुरा तीर्थ में गुरुवार को चातुर्मास की शुरुआत हुई। साध्वी श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि स्वस्थ आराधना के लिए चित्त की प्रसन्नता अनिवार्य है। चित्त की प्रसन्नता तभी संभव है जब मन में संकल्प-विकल्प के विचारों कम हो। शुभ कार्यों, शुभ विचारों में सतत निमग्न रहें। शुभ की निरन्तरता अशुभ को दूर भागती है। शुभ कर्मो की प्रगटीकरण के लिए गुरु का आलम्बन जरूरी है। साध्वी लब्धियशा ने गुरुपूर्णिमा के अवसर पर श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला में उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि- गुरु पूर्णिमा - गुरुतत्व की उपासना का दिन है। वास्तविक जीवन का शुभारम्भ गुरु की सान्निध्य में ही होती है। गुरु के प्रति समर्पण से ही शुभभाव ,शुभ ज्ञान प्रागट्य होता है। जहाँ समर्पण नहीं है , वहां शिष्यत्व नहीं है। शिष्य में कर्ता का भाव नहीं होना चाहिए। सिर्फ और सिर्फ समर्पण का ही भाव होना चाहिए । समर्पण और शिष्यत्व एक दूसरे का पूरक है। मंजिल को प्राप्त करने के लिए लक्ष्य का होना जरूरी है। लक्ष्य के बिना मंजिल को प्राप्त नहीं किया जा सकता।शास्त्रों में महापुरुषों के गुणों का गुणगान करने की भलामण दिया गया है। महापुरुषों के यशोगान से हमारे जीवन में भी सद्‌गुणों का बीजारोपण होता है। इस अवसर पर गौतम स्वामी, सुधर्मा स्वामी, जगद्‌गुरु हीरसूरी, कवि कुलकिरीट श्री, लब्धि सूरी, आचार्य विक्रम सूरी, आचार्य राजयश सूरीजी के जीवनवृत पर प्रकाश डालते हुए साध्वी लब्धियशा ने अनेकों संस्मरण सुनाए।



### गुरु पूर्णिमा अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का मार्ग

साध्वी विचक्षणा श्री ने चातुर्मास की पहली धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा गुरु पूर्णिमा हम सभी के जीवन में अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का मार्ग दिखाती है। गुरु से ज्ञान गुरु से धर्म गुरु से गुणों की अभिवृद्धि होती है, जिसके जीवन में गुरु का ज्ञान है। वह व्यक्ति जीवन के हर मार्ग पर सफल होता है। उन्होंने कहा गुरु बिन जीवन शुरू नहीं, जिनके जीवन में गुरु नहीं है। उनका जीवन शुरू नहीं है। जीवन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए मार्गदर्शन करने के लिए गुरु की अपनी अहम भूमिका है। धर्म सभा में गुरु गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सद्गुरु नथाय नमः का जाप अनुष्ठान संपन्न हुआ। साध्वी सुकृति श्री एवं साध्वी सुप्रज्ञपति श्री धर्म ध्यान करने की प्रेरणा देते हुए अनेक धार्मिक संकल्प धार्मिक प्रश्नोत्तरी एवं ज्ञानार्जन धार्मिक कक्षाओं का संचालन चातुर्मास के दौरान चार माह करने वाले हैं।

## धर्म लाइव

# सेक्टर-1 में विराजेंगे 16 फीट ऊंचे विघ्नहर्ता, पूजा-अर्चना कर तैयारी शुरू



**भिलाई।** सीजी मिरर्स कल्चरल ग्रुप गणेश उत्सव समिति सेक्टर 1 सड़क 11 मिलाई में गणेश पूजा पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ। पंडित ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर पंडाल की नींव रखी। इस साल नए रूप में झांकी का निर्माण होगा जो छत्तीसगढ़ में आकर्षक का केंद्र होगा। गणपति के 16 फीट की प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होगी। समिति के अध्यक्ष जी सुरेश बाबे, महासचिव धन्नू मिश्रा ने बताया कि सीजी मिरर्स ग्रुप का सबसे चर्चित गणेश पूजा सेक्टर 1 सड़क 11 मैदान का होता है। इस साल भी काफी भव्य तरीके से यहां पूजा होगी। इसकी तैयारी में पूरी कमेटी जुट गई है। 11 दिनों तक चलने वाले गणपति महोत्सव में भगवान गणेश का पूजन किया जाएगा। इस दौरान बहुत ही आकर्षित झांकी का निर्माण कराया जा रहा है, जो छत्तीसगढ़ में पहली बार समिति द्वारा बनाई जा रही है। सीजी मिरर्स कल्चरल ग्रुप गणेश उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सतनाम सिंह, महेश पटेल, प्रवीण शहारे, ललित साहू, विशाल चाटे, रवि, श्रीनु, अन्जू चौहान, दिलीप मिश्रा, सुनील पांडे, संदीप कुमार, शुभम कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

■ सीजी मिरर्स कल्चरल ग्रुप गणेश उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष बैठाई जाती है प्रतिमा

## सराहनीय पहल

# अमरनाथ यात्रा के दौरान बालटाल में दुर्ग के भक्तों ने लगाया निःशुल्क भंडारा



**भिलाई।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा बालटाल चंदनबबाड़ी कश्मरी में प्रतिवर्ष कीी तरह इस वर्ष भी निशुल्क भंडारा टेंट लगाया गया है। संस्थान द्वारा पिछले करीब 25 वर्षों से अमरनाथ यात्रा के दौरान पहुंचने वाले भक्तों के लिए यह इंतजाम किए गए हैं। इसमें दुर्ग-भिलाई सहित छत्तीसगढ़ के यात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रहीी है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष चैनसुख भट्टा ने बताया कि निशुल्क भंडारा के इंतजााम किए गए हैं। ताकि भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। बताा दें कि दुर्ग जिले से 2 हजार से अधिक भक्तों ने पंजीयन कराया है। इसके अलावा प्रदेश से ज्यादा 10 हजार से ज्यादा भक्त अमरनाथ यात्रा के लिए जाने की तैयारी में हैं। 3 जुलाई से यात्रा शुरू हो चुकी है। यात्रा 38 दिनों तक चलने वाली है।6 दिन में 1.11 लाख श्रद्धालुओं ने बर्फानी बाबा के दर्शन किए हैं। श्राइन बोर्ड के मुताबिक गुरुवार को 12,348, शुक्रवार को 14,515, शनिवार को 21,109, रविवार को 21,512 तीर्थयात्री, सोमवार को 23,857 तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे थे। अब तक चार लाख से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। यात्रा पर आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 581 अलग-अलग सुरक्षा कंपनियों का चाक-चौबंद बंदोबस्त की गई है। इसमें सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, आईबीटीपी और सीआईएसएफ समेत सुरक्षा बलों के जवान तैनात किए गए हैं। बालटाल से लेकर गुफा तक के मार्ग पर हर दो किलोमीटर पर मेडिकल कैंप लगाए हैं। बीच में कई जगहों पर गोदाम भी चालू कर दिए गए हैं। इस साल गुफा की ओर जाने वाले रास्ते पर चार स्टैंड बनाए गए हैं, जबकि पैदल, घोड़े पर और पालकी में जाने वाले श्रद्धालुओं के रास्ते भी अलग-अलग बनाए गए हैं। यात्रा के दौरान मेडिकल सर्टिफिकेट, 4 पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, आरएफआईडी कार्ड, ट्रैवल एप्लिकेशन फॉर्म साथ रखने कहा गया है। संस्था से जुड़े शिवराज राउत ने बताया कि फिजिकल फिटनेस के लिहाज से हर रोज 4 से 5 किलोमीटर पैदल चलने की प्रैक्टिस आवश्यक है। सांस वाले योग जैसे प्राणायाम और एक्सरसाइज करने की नसीहत भी दी गई है।

## नगर निगम भिलाई ने शुरू किया अभियान

# मौसमी बीमारियों से बचने अवेयर रहे, बाहर की चीजें खाने से बचें



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई ने मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए अभियान शुरू किया है। इसे लेकर महिलाओं को बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। उन्हें सलाह दी जा रही है कि बाहर की चीजें खाने-पीने से बचें। घर के आसपास बारिश का पानी जमा न होने दें। इससे मच्छर जनित रोग डेंगू, मलेरिया का खतरा हो सकता है। हैजा, पीलिया, टाइफाइड जैसी बीमाारी घर कर सकती है। मच्छर लार्वा स्त्रोत नियंत्रण के तहत सभी नागरिक अपने घर में उपयोग कर रहे कूलर का पानी साफ कर, सूखे पॉलीथीन से ढककर रखें। अपने-अपने घर में संग्रहित किए गए पानी पात्रों को ढंककर रखें। घरों के कूलर, टंकी, ड्रम, कंटेनर एवं अन्य मच्छर लार्वा उत्पत्ति पात्र जैसे टायर, गमले, डिस्पोजल, पशुओं के पानी पीने के लिए रखे पात्र की जांच की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि मच्छर जनित रोग डेंगू, मलेरिया से बचाव एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 6242 घरों का सर्वे किया गया। 20799 जगहों से जमा पानी की निकासी की गई। टेमीफास, एक्यूगार्ड, बीटीआई के औषधि का छिड़काव किया गया।

**बच्चों और महिलाओं को किया जा रहा जागरूक**



## सिटी इवेंट

# चेम्बर ऑफ कॉमर्स भिलाई की नई कार्यकारिणी घोषित, बसोटिया चेयरमैन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भिलाई इकाई की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी द्वारा पूर्व में भिलाई चेम्बर अध्यक्ष व भिलाई संभाग प्रभारी गारगी शंकर मिश्रा नियुक्त किया था। अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा व अजय भसीन द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। चैयरमेन पद पर दिनकर बसोटिया को मनोनीत किया गया।





महामंत्री पद की जिम्मेदारी राकेश मल्होत्रा व पवन जिंदल को दी गई। संगठन मंत्री शिवराज शर्मा, कोषाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला, जनसंपर्क अधिकारी शंकर सचदेव को बनाया गया। सह कोषाध्यक्ष रितेश अग्रवाल, प्रमोद कोहलाटकर को आईटी संयोजक, विशाल छाबड़ा को आईटी प्रभारी, गौरव मोंगिया को सोशल मीडिया प्रभारी का प्रभार दिया गया। जीएसटी विभाग के विषयों पर समाधान टीम में जीएसटी संयोजक संतोष गेहानी व सह संयोजक दिलीप केशरवानी को नियुक्त किया गया। कर सलाहकार का दायित्व प्रदीप पॉल, बिज़नेस डेवलपमेन्ट कॉर्डिनेटर श्री भूपेंद्र नेमा को दिया गया। भसीन ने बताया कि इस कार्यकारिणी में विभाग के लिए अलग प्रभारी नियुक्त किये गए हैं। विधिक सलाहकार के रूप में भास्कर राव, वित्तिय सलाहकार के रूप में राम ओबेरॉय व इन्श्योरेंस सलाहकार हेमंत अरोरा अपनी सेवाएं देंगे। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने बताया कि सायबर समस्या को आशीष कुशवाहा, फ़ूड विभाग का प्रभार दीपक कुकरेजा व एफएमसीजी विभाग का प्रभार रोहित पवानी, मेडिकल कॉर्डिनेटर मनीष अग्रवाल, मेडिटेशन कॉर्डिनेटर जय प्रकाश गुलवानी, गोपाल राव को परिवहन सलाहकार व भरत सिंह को पत्रक सलाहकार नियुक्त किया गया है। स्वास्थ्य सलाहकार संतोष सचदेव, सोशल डिजिटल प्रभारी इशू बंछोर, सह वित्तिय सलाहकार मनोज आहूजा को मनोनीत किया गया है।

## देवालयों में विशेष साज-सज्जा, आज से विधि-विधान से होगी पूजा-अर्चना

# सावन का महीना भगवान शिव को अतिप्रिय, आज से शुरुआत शिवलिंग पर चढ़ाएं बेलपत्र और चंदन, मनोकामना होगी पूरी

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** हिंदू पंचांग का पांचवां महीना सावन 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। यह महीना भगवान शिव को अतिप्रिय है। 9 अगस्त को सावन मास का समापन होगा। पहली सोमवारी 14 जुलाई को है। सावन सोमवार व्रत के दिन भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा विशेष विधि-विधान से की जाती है। सोमवार का व्रत करने से सुख-समृद्धि और उन्नति एवं मनोकामना पूरी होती है। सावन को मनोकामना पूर्ति का महीना भी कहा जाता है, क्योंकि भोलेनाथ ही ऐसे देवता हैं जिनकी सच्चे मन से पूजा की जाए तो वह बहुत जल्द प्रसन्न हो जाते हैं। मान्यता है की सावन की सोमवार के दिन भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा जल्द फलित होती है। श्रावण मास के दौरान भगवान शिव को जल एवं गंगाजल के साथ-साथ पुष्प, बेलपत्र, धतूरा, मंदार पुष्प गाय का कच्चा दूध, विजया पत्र, मधु, गुड़, इत्र, पंचामृत आदि एवं माता पार्वती की श्रृंगार सामग्री चढ़ाना शुभ माना जाता है। भगवान भोलेनाथ व मां पार्वती का विधि-विधान के साथ पूजा जलाभिषेक, रुद्राभिषेक करना अच्छा माना जाता है। इस विशेष समय में शिव पूजन, पार्थिव पूजन, महामृत्युंजय अनुष्ठान भी अति लाभदायक सिद्ध होगा। संभव हो तो शिव चलीसा ओम नमः शिवाय का जप एवं महामृत्युंजय के मन्त्र का जप अवश्य करें, इसके साथ ही सोलह सोमवार का व्रत भी आरंभ किया जा सकता है।

### चार सोमवार सबका अपना महत्व

पं. लाखेश्वर पांडेय बताते हैं कि इस बार चार सोमवार पड़ रहे हैं, सबका अपना अलग महत्व है। पहला सोमवार व्रत 14 जुलाई, दूसरा 21 जुलाई, तीसरा 28 जुलाई, चौथा और अंतिम सोमवार 4 अगस्त को पड़ रहा है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी शिव मंदिरों में सावन उत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। मुख्य रूप से दुर्ग शिवपारा के प्राचीन शिव मंदिर में उत्सव की तैयारी है। इसके अलावाा अन्य देवालयों, महमरा घाट स्थित शिवमंदिर, धमधा नाका स्थित शिव मंदिर में तैयारी की गई है। भिलाई में भी मंदिरों में विशेष पूजा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पार्थिव शिव लिंग स्थापना की तैयारी की गई है। कांवड़ा यात्रा निकाला जाना है। दो प्रमुख नदियों खारून और शिवनाथ से गाजे-बाजे के साथ कांवड़ यात्रा निकलेगी। प्राचीन शिव मंदिरों में कोड़िया, बानबरद, नगपुरा, कौही, टोला घाट पाटन में विशेष इंतजाम किए गए हैं।



### मान्यता है कि इसी सावन माह में माता पार्वती ने किया था तप

मान्यता है कि सावन मास में देवी पार्वती ने शिव जी को पति रूप में पाने के लिए तप शुरू किया था। इस मान्यता की वजह से भी शिव जी को सावन महीना प्रिय माना जाता है। सावन में कांवड़ यात्रा निकालने की परंपरा है। सावन में शिव पूजा में बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल चढ़ाने से मनोकामना पूरी होती है। सावन का महीना महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं और कुंवारी कन्याएं मनचाहा वर की प्राप्ति हेतु शिव की पूजा करती हैं। इस माह में हरियाली तीज, नाग पंचमी, रक्षा बंधन जैसे त्योहार भी आते हैं। महिलाएं इस समय हरी चूड़ियां, हरी साड़ी और मेहंदी लगाकर उत्सव मनाती हैं, जो सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-19 में धनंजय ने लिए 4 विकेट और कृष्णा ने बनाए 51





**रायपुर।** क्रिकेट एसोसियेशन पुडुच्चेरी द्वारा मेंस अंडर-19 इंटर स्टेट मल्टी डे अभ्यास मैच 2024-25 आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित बंगाल, केरला, पांडेचेरी, हिमाचल प्रदेष आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। दिनांक 10-11 जुलाई को छत्तीसगढ़ का चौथा मैच पुडुच्चेरी के विरुद्ध पुडुच्चेरी में शुरू हुआ। पुडुच्चेरी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ अंडर-19 ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 46 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर केवल 110 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से कृष्णा टांक ने नाबाद 51 रन, अभिषेक ने 13 रन तथा विवेक कुमार ने 13 रनों का योगदान दिया। अन्य कोई भी बल्लेबाज लंबी पारी खेलने में नाकाम रहे। पांडेचेरी की ओर से सुरेन्द्र ने 5 विकेट तथा अभिषेक ने 3 विकेट प्राप्त किये। 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुडुच्चेरी 38.3 ओवरों में 102 रन बनाकर आलआउट हो गयी। पुडुच्चेरी की आरे से शिवा सुभाष ने 27 रन तथा सुरेन्द्र ने 17 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ अंडर-19 की ओर धनंजय नायक ने 4 विकेट, विवेक तथा दिवाकर ने 2-2 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ अंडर 19 ने मैच 8 रनों से जीत लिया।

### रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस में रोमांचक दौर




**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में तीन दिवसीय रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता- 2025 गुरुवार से आरंभ हुयी। प्रतियोगिता में सीनियर पुरुष एकल, सीनियर महिला एकल, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक एकल, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालिका एकल एवं यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एकल, यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका एकल हेतु कुल मिलाकर 06 वर्गों में प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में अभी तक खेले गए मैचो में सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप ए) में कल्पेश जादवानी ने गिरिराज बागड़ी, वरुण दत्त अग्रवाल, कवीश काला को 3-0 से, गिरिराज बागड़ी ने वरुण दत्त, कवीश काला, डा. मनीष अग्रवाल को 3-0 से हराया। सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप बी) में प्रणय चौहान ने श्रेष्ठ मिश्रा को 3-2, नागेश्वर साहू को 3-0 से, सागर दासगुप्ता ने यशवंत डेकाटे, श्रेष्ठ मिश्रा को 3-2, नागेश्वर साहू को 3-0 से, गजेंद्र चौहान ने सागर दासगुप्ता को 3-१, श्रेष्ठ मिश्रा को 3-2, नागेश्वर साहू को 3-0 से हराया। सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप सी) में विशाल डेकाटे ने किशोर जादवानी, परिवेश मिश्रा,अथर्व जिंदल को 3-0 से, परिवेश मिश्रा ने.किशोर जादवानी को 3-0 से हराया। सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप डी) में एम रविराज ने शिरीष देब को 3-1, गौरव बागड़ी, रितेश मल्होत्रा, अद्विक सेंगर को 3-0 से, गौरव बागड़ी ने शिरीष देब, रितेश मल्होत्रा, अद्विक सेंगर को 3-0 से हराया। उपरोक्त प्रथम चरण के चारों ग्रुप में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाडी, दूसरे चरण के सुपर लीग दौर में प्रवेश करेंगे। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग (ग्रुप ए) में अर्जुन मल्होत्रा एवं तेजस जादवानी अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग(ग्रुप बी) में सिद्धा धूपर एवं नैतिक भंसाली ने अपने- अपने मैच जीतकर सुपर लीग में प्रवेश किया। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग(ग्रुप सी) में श्रेष्ठ मिश्रा एवं वरुण दत्त अग्रवाल ने अपने मैच जीतकर सुपर लीग में प्रवेश किया। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग (ग्रुप डी) में कवीश काला एवं आर्यन कुमार सिंह अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। उपरोक्त प्रथम चरण के चारों ग्रुप में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाडी, दूसरे चरण के सुपर लीग दौर में प्रवेश करेंगे। यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक़ वर्ग(ग्रुप ए) में अभिनव पीटर, अद्वित जिंदल, निवान व्यास, बी. अजीज अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक़ वर्ग (ग्रुप बी) में अव्यांश शारदा, अद्विक सेंगर, मोक्ष वर्मा, राघव अग्निहोत्री अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। उपरोक्त प्रथम चरण के दोनों ग्रुप में प्रथम चार स्थान प्राप्त खिलाडी, दूसरे चरण के सुपर लीग दौर में प्रवेश करेंगे। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक, यूथ अंडर- 13 (कैडेट) बालक, सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग के मैच खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अजीत बेनर्जी एवं सहायक निर्णायक गीता पंडित और पी.एन. मजूमदार हैं।

### देश में हार्ट अटैक के मरीज की तादाद लगातार बढ़ रही

# दिल की बीमारियों का कोई खानदानी रिकार्ड नहीं है तो भी हार्ट अटैक से खुद को सुरक्षित न समझें

भारत में, 20 से 40 साल की उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़े हैं। इनमें से कई लोगों का कोई फैमिली हिस्ट्री नहीं था। अक्सर लोगों को लगता है कि अगर उनके परिवार में किसी को दिल की बीमारी नहीं हुई है, तो उन्हें भी हार्ट अटैक का खतरा नहीं है। लेकिन सच्चाई इससे काफी अलग है। हृदय रोग के मामले अब सिर्फ उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या नहीं रह गए हैं, कम उम्र में यहां तक कि 20 से कम आयु वाले भी इसका शिकार हो रहे हैं। हाल के दिनों में आपने कई ऐसी खबरें सुनी-देखी होगीं जिसमें क्रिकेट खेलते, बातचीत करते-करते या ऑफिस में बैठे-बैठे हार्ट अटैक के कारण लोगों की मौत हो गई। इस तरह की खबरें सुनने के बाद मन में पहला सवाल यही आता है कि कहीं हमें भी तो इसका खतरा नहीं है?





#### खराब जीवन शैली है बड़ा कारण

हृदय रोगों के लिए आमतौर पर खराब जीवनशैली-गड़बड़ खान पान को बड़ा कारण माना जाता रहा है। इसके अलावा जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को, विशेष रूप से माता-पिता को हृदय रोगों की समस्या रही है उनमें आगे चलकर हार्ट की बीमारियों के होने का खतरा अधिक रहता है। अब सवाल ये है कि अगर आपके परिवार में हृदय रोगों की कोई फैमिली हिस्ट्री नहीं है तो क्या आप हार्ट अटैक से सुरक्षित हैं?

#### क्या कहते हैं डॉक्टर?

अमर उजाला से बातचीत में दिल्ली स्थित एक निजी अस्पताल में वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ रवि प्रकाश कहते हैं, ये सही है कि जिन लोगों के माता-पिता या खून के रिश्ते वालों को हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर की समस्या रही है, ऐसे लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। ये स्थितियां आपमें भी हार्ट से संबंधित समस्याओं को बढ़ाने वाली हो सकती हैं। हालांकि अक्सर लोगों को लगता है कि अगर उनके परिवार में किसी को दिल की बीमारी नहीं हुई है, तो उन्हें हार्ट अटैक का खतरा नहीं है।



#### बिना फैमिली हिस्ट्री के भी हो सकते हैहार्ट अटैक का शिकार

इसी को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में हर साल करीब 1.8 करोड़ लोग दिल की बीमारियों से जान गंवाते हैं। इनमें से बड़ी संख्या उन लोगों की है, जिन्हें फैमिली हिस्ट्री नहीं थी।

#### हृदय स्वास्थ्य का रखिए ध्यान

डॉक्टर कहते हैं, फैमिली हिस्ट्री का होना या न होना हार्ट अटैक के खतरे को पूरी तरह तय नहीं करता। अगर आपके परिवार में पहले से किसी को दिल की बीमारी नहीं है, तो भी आप पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। आज की लाइफस्टाइल, खान-पान और मानसिक तनाव जैसे कई ऐसे कारण हैं जो किसी को भी हार्ट अटैक की तरफ धकेल सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप पहले से सतर्क रहें और अपनी लाइफस्टाइल में पॉजिटिव बदलाव लाएं।



## हो सकती है इलेक्ट्रोलाइट की कमी, आहार में लाएं बदलाव

बारिश के इस मौसम में अक्सर कुछ लोगों को इलेक्ट्रोलाइट की कमी की वजह से कमजोरी महसूस होती है। इलेक्ट्रोलाइट्स कम होने के और भी कई लक्षण दिख सकते हैं। आइए जानते हैं कि किन चीजों को डाइट में शामिल करने से इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बना रहता है।

हमारे शरीर को ठीक से काम करने के लिए सही मात्रा में इलेक्ट्रोलाइट्स बहुत जरूरी होता है। ये खनिज (मिनरल्स) शरीर में तरल पदार्थों को संतुलित रखने, नसों के ठीक से काम करने और मांसपेशियों को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। जब शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बिगड़ जाता है, तो थकान, मांसपेशियों में ऐंठन और चक्कर आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

अच्छी बात यह है कि हम कुछ आम खाद्य पदार्थों से ही इन जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे सोडियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम की कमी को पूरा कर सकते हैं। ये खाद्य पदार्थ न केवल स्वादिष्ट होते हैं बल्कि आपके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का सही संतुलन बनाए रखने में भी मदद करते हैं।



### इलेक्ट्रोलाइट्स कम होने के लक्षण

हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए इलेक्ट्रोलाइट्स बहुत जरूरी होते हैं। ये नसें, मांसपेशियां और शरीर में तरल पदार्थों का संतुलन बनाए रखते हैं। जब इनकी कमी होती है, तो शरीर कई संकेत देते हैं। मुख्य लक्षणों में लगातार थकान, कमजोरी, और मांसपेशियों में ऐंठन या दर्द शामिल हैं। आपको चक्कर आना, सिरदर्द या हल्का महसूस हो सकता है। कुछ लोगों को दिल की धड़कन अनियमित महसूस हो सकती है, जो एक गंभीर संकेत है। इसके अलावा, पेट की समस्याएं जैसे कब्ज या उल्टी भी हो सकती हैं। यदि ये लक्षण बार-बार दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

### नारियल पानी के लाभ

नारियल पानी इलेक्ट्रोलाइट्स का सबसे अच्छा सोर्स है, जिसमें पोटैशियम, सोडियम, और मैग्नीशियम प्रचुर मात्रा में होते हैं। यह डिहाइड्रेशन को रोकता है और गर्मी या व्यायाम के बाद तुरंत ऊर्जा देता है। एक गिलास नारियल पानी में लगभग 600 मिलीग्राम पोटैशियम होता है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। मानसून में दस्त के दौरान नारियल पानी पीना एक अच्छा विकल्प है। इसे सुबह खाली पेट या व्यायाम के बाद पिएं।

### एवोकाडो और केले

एवोकाडो पोटैशियम और मैग्नीशियम का उत्कृष्ट स्रोत है, जो मांसपेशियों की ऐंठन को कम करता है और हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। इसमें हेल्दी फैट भी होती है, जो ऊर्जा प्रदान करती है। एक मध्यम आकार का एवोकाडो सलाद या स्मूदी के रूप में खाया जा सकता है। दूसरी ओर, केले में पोटैशियम और विटामिन बी6 प्रचुर मात्रा में होता है, जो मेटाबॉलिज्म और इम्यूनिटी को बेहतर बनाता है।



## बारिश में नमक से भरी कटोरी रखें फ्रिज में

अगर आप एक कटोरी में नमक भरकर फ्रिज में रख देंगी, तो आपको पता है कि क्या होगा? यह आपकी बड़ी मुश्किल को हल कर सकता है। चलिए इस लेख में बताएं कि इससे आपका काम कैसे आसान होगा। नमी की वजह से सब्जियां जल्दी गल जाती हैं, मसाले भी खराब हो जाते हैं और सबसे बड़ी मुश्किल है नमक हो जाता है गीला! गीला नमक न सिर्फ इस्तेमाल में मुश्किल होता है बल्कि डिब्बे में जम भी जाता है। ऐसे में लोग तरह-तरह के जुगाड़ अपनाते हैं, कभी इसमें चावल डाल हैं, तो कभी इसे धूप में सुखाते हैं।

मगर क्या आपको पता है कि नमक सूखा हो या गीला आपकी एक बड़ी समस्या को हल कर सकता है? क्या आपने कभी सोचा है कि अगर आप नमक से भरी एक कटोरी को अपने फ्रिज में रख दें, तो क्या होगा?

यह छोटा-सा किचन हैक बड़े कम का है। यह आपके फ्रिज और किचन की नमी को भी चुपचाप सोख लेता है। आइए आपको बताएं कि यह कैसे काम करता है। बरसात में नमक से भरी कटोरी को फ्रिज में रखने से क्या होता है? मेरी मम्मी अक्सर बारिश के दिनों में कभी नमक की कटोरी तो कभी पोटली फ्रिज में रखती है। उन्होंने बताया कि इससे फ्रिज सुरक्षित रहता है। नमक रखने से क्या होता है, आइए जानें-

### नमी को सोखता है

नमक एक नेचुरल ह्यूमिडिटी एब्जॉर्बर यानी नमी सोखने वाला तत्व होता है। फ्रिज के अंदर भी नमी बढ़ जाती है, जिससे सब्जियों की लाइफ कम हो जाती है और बदबू भी आने लगती है। ऐसे में एक खुली कटोरी में थोड़ा नमक भरकर फ्रिज के कोने में रख देने से वह अतिरिक्त नमी को सोख लेता है।

### फ्रिज की बदबू करता है दूर

कई बार फ्रिज खोलते ही एक अजीब-सी गंध



आती है जो खाने की चीजों के मिक्स होने से बनती है। नमक में गंध सोखने की क्षमता होती है। जब आप कटोरी में नमक भरकर फ्रिज में रखते हैं, तो यह धीरे-धीरे बदबू को भी कम करने लगता है। यह एक तरह का नेचुरल डिओड्राइजर का काम करता है।

### फफूंद और बैक्टीरिया से सुरक्षा

नमी के कारण फ्रिज की दीवारों और ट्रे में फफूंद लगने लगती है। लेकिन जब वातावरण की नमी कम हो जाती है, तो बैक्टीरिया और फंगस को पनपने का मौका नहीं मिलता। नमक इस काम में मददगार साबित होता है।

### सब्जियों की लाइफ बढ़ती है

जब फ्रिज में नमी कम होती है, तो हरी सब्जियां, पत्तेदार साग और फल जल्दी खराब नहीं होते। वे लंबे समय तक ताजगी बनाए रखते हैं। ऐसे में नमक एक सस्ता और असरदार उपाय बन जाता है। आप नमक की एक पोटली को क्रिस्पर भी रख सकती हैं।

### कैसे करें इसका सही इस्तेमाल?

एक छोटी कटोरी लें और उसमें 3-4 टेबलस्पून मोटा नमक भर लें। उसे फ्रिज के कोने में रखें, जैसे कि नीचे के शेल्फ में या दरवाजे के किसी खांचे में। हर 8-10 दिन में उस नमक को बदल दें क्योंकि वह नमी सोखते-सोखते गीला हो जाएगा।

## चातुर्मास मास में खरीदी करने से पहले जानें ज्योतिष की राय



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं और देवउठनी एकादशी पर जागृत होते हैं। इस दौरान जो बीच की अवधि होती है उसे चातुर्मास कहते हैं। यह चार महीनों का होता है। इस दौरान कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैंइस दौरान कुछ सामान खरीदने की मनाही होती है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी विस्तार से बता रहे हैं।

चातुर्मास में विवाह, गृह प्रवेश जैसे कई शुभ कार्य वर्जित होते हैं। काला रंग आमतौर पर शुभ अवसरों पर नहीं पहना जाता है, इसलिए इस दौरान इसे खरीदने से भी बचा जाता है। इसलिए इस दौरान काले रंग के कपड़े खरीदने से बचें। नए वाहन की खरीदारी को एक बड़ा और महत्वपूर्ण कार्य माना जाता है, इसलिए इसे चातुर्मास में न खरीदने की सलाह दी जाती है। कुछ मान्यताओं के अनुसार, चातुर्मास में कई तरह की नकारात्मक ऊर्जाएं सक्रिय होती हैं और लोहा नकारात्मक ऊर्जा को सोखता है। इसलिए इसे खरीदने से शुभ परिणाम नहीं मिलते है। इसलिए इस दौरान आप लोहे का सामान भूलकर भी न खरीदें। इससे व्यक्ति के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। इसलिए चातुर्मास तक टाल दें।

कार्नर न्यूज

### शादी के पहले साल कुछ बड़ी समस्याओं से होता है दोनों का सामना

# शादी का शुरूआती साल है दोनों की परीक्षा की घड़ी, इस दौरान आपकी समझदारी रखती है बाकी जिंदगी की नींव

शादी महज दो लोगों का रिश्ता नहीं है, बल्कि दो अलग संस्कृतियों, आदतों, विचारों और अपेक्षाओं का मिलन भी है। शादी के शुरुआती समय को कपल के लिए हनीमून पीरियड माना जाता है, लेकिन प्यार और नएपन के अहसास के साथ ही शादी के पहले साल में कई छोटे-बड़े झगड़ें और गलतफहमियां भी हो सकती हैं। यही वजह है कि शादी का पहला साल "एडजस्टमेंट का साल " कहलाता है, यानी सामंज्य व समन्वय बनाने का साल होता है। शादी से पहले भावी दूल्हा और दुल्हन कई सारे सपने देख लेते हैं। उन्हें लगता है कि शादी के बाद वह अपने जीवनशाथी के साथ एक प्यारभरा वक्त बिताएंगे।



### अपेक्षा बनाम वास्तविकता का टकराव

शादी के बाद सबसे पहली चुनौती यह होती है कि हर पार्टनर से पहले से ही कुछ सपने बुन लिए होते हैं। लेकिन जब रोजमर्रा की जिंदगी शुरू होती है तो ये कल्पनाएं टूटने लगती हैं। ग्वालियर की पूनम कहती हैं कि उनकी शादी दिल्ली में नौकरी कर रहे हिमांशु के साथ तय हुई तो उन्होंने सोचा कि वह पूरा दिल्ली घूम लेंगी। इंस्टा रील पर दिखने वाले खूबसूरत कैफे जाएंगी। लेकिन जब वह दिल्ली आईं तो ससुराल और घर की जिम्मेदारी में उलझ गईं। शादी के पहले दो महीने तो उनके मन के मुताबिक रहे लेकिन धीरे-धीरे महीने में एक बार भी पति के साथ बाहर घूमने जाना मुश्किल होने लगा। उन्हें लगने लगा कि ऐसा कुछ तो उन्होंने अपनी शादी को लेकर सोचा ही नहीं था।

शादी को लेकर सपने बुनना, उम्मीद रखना गलत नहीं ,लेकिन उन अपेक्षाओं का टकराव जब वास्तविकता से होता है तो रिश्ते में तनाव आना स्वाभाविक है। अगर ऐसी स्थिति से आपका सामना हो तो परेशान होने के बजाय पार्टनर से खुलकर बात करें। हर चीज की सहमति जरूरी नहीं लेकिन समझदारी जरूरी है।

### घर के काम और जिम्मेदारियों का बंटवारा

शादी के बाद पति और पत्नी दोनों के जीवन में बदलाव आता है। उनके ऊपर घर-परिवार की जिम्मेदारी आ जाती है, साथ ही काम भी बढ़ जाता है। अभी तक घर के बच्चों की तरह रह रहे दो लोग जब मिलकर जिम्मेदारियां और काम का बंटवारा करते हैं तो कुछ मनमुटाव संभव है। लड़के को लगता है कि वह परिवार की पूरी जिम्मेदारी उठा रहा है और वहीं पत्नी को लगता है कि वह घर के सारे काम अकेले कर रही है। इस तरह के विचारों के कारण अक्सर कुछ डायलॉग आम हो जाते हैं, जैसे तुमने क्यों नहीं किया?, मैं ही हमेशा क्यों करूं।

शादी से पहले मानसिक तौर पर तैयार रहें कि आपको जीवनसाथी के प्यार और समर्थन के साथ ही जिम्मेदारियां और काम भी संभालने होंगे। वह भी बिना इस अपेक्षा कि पार्टनर आपसे कम या ज्यादा जिम्मेदारी उठाए। इस तरह की समस्या का सामना करने के लिए कपल को हर हफ्ते अपने कामों का बंटवारा प्लान कर लेना चाहिए और टीम की तरह काम करना चाहिए।

### ससुराल या माता-पिता के साथ तालमेल

शादी के बाद अपने पार्टनर के परिवार से तालमेल बैठाना आसान नहीं होता। कपल एक दूसरे के करीब तो आ जाते हैं लेकिन एक-दूसरे के माता-पिता को अपने परिवार की तरह समझने में वक्त लगाते हैं। जीवनसाथी के माता-पिता और अपने अभिभावक दोनों को समान सम्मान और प्रेम देना लड़का और लड़की दोनों के लिए चुनौती बन जाता है। उनके तालमेल न बैठा पाने का असर जीवनसाथी के विचारों पर भी होता है और शिकायतें जन्म लेती हैं। विवाद की स्थिति से बचने के लिए सहनशील बनें। जीवनसाथी अगर ये उम्मीद करे कि आप उनके माता पिता को अपनाएं लेकिन आपके लिए यह आसान नहीं है तो अपने पक्ष को प्यार से समझाएं। परिवारों को एक करने की कोशिश करें और पार्टनर के साथ उनके परिवार को अपनाने के लिए भी तैयार रहें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मॉडल-एक्ट्रेस हदीद ने ब्रैडली के साथ सार्वजनिक किया रिश्ता

अमेरिकी मॉडल और एक्ट्रेस गिगी हदीद ने 20 बड़े एक्टर ब्रैडली कूपर के साथ रिश्ता इंस्टाग्राम पर ऑफिशियल कर दिया है। सुपरमॉडल ने अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की ढेर सारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की। लेकिन जो तस्वीर फैंस के बीच वायरल हुई वह थी ब्रैडली कूपर को किस करते हुए फोटो। जबकि बैकग्राउंड में तीन मंजिला बर्थडे केक



दिख रहा है। फोटो में गीगी वाइट कलर के टॉप में नजर आ रही हैं। इस फोटो को देख फैंस भी हार्ट इमोजी शेयर किए बिना नहीं रह पाए हैं। जो लोग नहीं जानते हैं उन्हें बता दें कि 50 वर्षीय एक्टर ब्रैडली कूपर एक साल से गीगी हदीद को डेट कर रहे हैं।

पोस्ट के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, ₹मैं 30 की होने पर बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं। मैं हर उतार-चढ़ाव के लिए बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं। उन सभी सबक और उपहारों के लिए जो दोनों ने मुझे दिए हैं। यह सब महसूस करने के लिए! मैं कुछ सबसे अविश्वसनीय इंसानों की मां, दोस्त, साथी, बहन, बेटी, सहकर्मी होने के लिए बहुत भाग्यशाली हूं!₹ उन्होंने अपने फॉलोअर्स को उनके सपोर्ट के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वह ₹इतना प्यार महसूस करने के लिए धन्य महसूस करती हैं। 'पीपल' के अनुसार, हदीद और कूपर को पहली बार अक्टूबर 2023 की शुरुआत में जुड़ा था, जब उन्हें न्यूयॉर्क शहर के वेस्ट विलेज में वाया कैरोटा में एक साथ डिनर करते हुए देखा गया था, और तब से वे और करीब आ गए हैं। बता दें, ब्रैडली कूपर की मॉडल इरिना शायक के साथ 8 वर्षीय बेटी ली डे सीन हैं। इस कपल ने 2015 में डेटिंग शुरू की और चार साल बाद उनका ब्रेकअप हो गया।

### टॉलीवुड

## 'जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' के मेकर्स फिल्म का नाम बदलने सहमत

सुरेश गोपी की फिल्म 'जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' के मेकर्स ने केरल हाई कोर्ट को सूचित किया कि वे सेंसर बोर्ड (सीबीएफसी) के सुझाव के अनुसार फिल्म का नाम बदलने को तैयार हैं। हाल ही में फिल्म के मेकर्स और सेंसर बोर्ड के बीच का यह मामला कोर्ट तक पहुंचा था।



'जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' फिल्म को लेकर सेंसर बोर्ड और इसके मेकर्स के बीच विवाद हुआ। यह मामला कोर्ट तक पहुंचा। केरल हाई कोर्ट की सुनवाई के दौरान सेंसर बोर्ड की तरफ से पेश वकील ने कहा था कि फिल्म को दो बदलावों के साथ पास किया जाएगा। सेंसर बोर्ड ने कोर्ट में कहा था कि मेकर्स अगर दो बदलाव फिल्म में करते हैं, इसे पास कर दिया जाएगा। पहला बदलाव ये कि फिल्म के टाइटल को थोड़ा संशोधित किया जाएगा। अब फिल्म का नाम या तो 'जानकी वी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' या 'वी जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' होगा। इससे यह साफ किया जाएगा कि ये जानकी नाम देवी से नहीं बल्कि मुख्य किरदार जानकी विद्याधरण से जुड़ा है। दूसरा बदलाव कोर्ट रूम में चल रहे क्रॉस-एग्जामिनेशन सीन से संबंधित है, जिसमें हीरोइन का नाम म्यूट करने की सलाह दी गई है। इस पर कोर्ट ने फिल्म निर्माताओं से जवाब मांगा है और आगे की सुनवाई निर्धारित की गई है। अब इसके जवाब में मेकर्स ने नाम बदलने पर सहमति जाहिर की है।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीबीएफसी यानी सेंसर बोर्ड ने अदालत को जानकारी दी कि अगर मेकर्स अपनी फिल्म का नाम बदलते हैं तो तीन दिनों के भीतर इसको मंजूरी दी जा सकती है। ऐसे में मेकर्स ने कहा कि रिलीज के इतने करीब आकर फिल्म का नाम बदलने में कठिनाई होगी। मगर सेंसर बोर्ड अपने रुख पर कायम रहा। आखिर में फिल्म के मेकर्स नाम बदलने पर सहमत हो गए।

प्रवीण नारायणन द्वारा निर्देशित और अनुपमा परमेश्वरन स्टारर फिल्म 'जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' एक रेप पीड़िता के कानूनी संघर्ष को दर्शाती है। सेंसर सर्टिफिकेट में देरी के कारण इस फिल्म की रिलीज पर भी असर पड़ा है।

### भोजपुरी

## आ गया तड़कता-भड़कता नया गाना 'हिरोइन हई हम' ने कर डाला कारनामा

'हीरोइन हई हम' गाने के वीडियो में कलरफुल सेट्स, स्टाइलिश कॉस्ट्यूम्स और जबरदस्त कैमरा वर्क दर्शकों को बांधे रखता है। कुल मिलाकर ये गाना एक टोटल पैकेज है, जो हर एंटरटेनमेंट लवर



को पसंद आ रहा है। यूट्यूब पर इसे 13 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं। भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री सुपर स्टार सिंगर एक्टर अंकुश राजा और रजनंदिनी सिंह का नया गाना 'हिरोइन हई हम' इन दिनों खूब वायरल हो रहा है। ये गाना लीची म्यूजिक के ऑफिशियल यूट्यूब पर रिलीज हुआ है, जो एक नया भोजपुरी चैनल है और जिसके फाउंडर कुमार अजित हैं। उन्होंने बताया कि इस चैनल का शुरुआत मनोरंजन के संसार को विस्तार देने के लिए हुआ है। आने वाले दिनों में इस चैनल से एक से बढ़कर एक गाने रिलीन होने वाले हैं, जो ऑडियंस को बेजोड़ मनोरंजन का पूरा आनंद देंगे।

उसी शुरुआत इस चैनल से रिलीज पहले गाने 'हिरोइन हई हम' से हो चुकी है, जिसने धमाल मचा दिया है। इस गाने ने मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। साथ ही सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। फिलहाल इस गाने को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है।

---

बरसात के मौसम के लिए ट्रेंडिंग फ़ैशन का रुझान स्टाइल पर टिका होता है, जिसमें चटख रंगों, हल्के वज़न के कपड़ों और पानी से बचने बाहरी कपड़ों का मेल शामिल है। मुख्य ट्रेंड में लेयरिंग, फ्लोरल प्रिंट और रेन बूट्स या फ्लिप-फ्लॉप जैसे उपयुक्त जूते ज्यादा चलन में है। आरामदायक और सूखे रहने के लिए ढीले, हल्के रंग के कपड़े पहनने की भी सलाह दी जाती है।

भीगा-भीगा है समा

लाइफ स्टाइल



## चंदन का इस्तेमाल करने से पहले जान लें नफा-नुकसान

इन दिनों बारिश तो आ गई है लेकिन गर्मी भी बरकरार है। ऐसे मौसम में स्किन पर तमाम तरह की दिक्कतें होती हैं, जिसकी वजह से चेहरा काफी डल लगने लगता है।

कई बार तो चेहरा इतना खराब लगने लगता है कि लोगों को लगता है कि उनकी स्किन पर कोई दिक्कत हो गई है। ऐसे में वो इन दिक्कतों को दूर करने के लिए कभी डॉक्टर की सलाह लेते हैं तो कभी महंगे महंगे स्किन केयर ट्रीटमेंट का सहारा लेते हैं। पर क्या आप जानते हैं कि घर में रखी एक छोटी सी चीज के इस्तेमाल से भी आप अपने चेहरे को चमका सकते हैं।

यहां हम बात कर रहे हैं चंदन की। चंदन का इस्तेमाल पूजा पाठ से लेकर स्किन केयर में भी किया जाता है। इसके इस्तेमाल के समय यदि सावधानी न बढ़ती जाए तो इसके कई नुकसान भी है। इसलिए जरूरी है कि पहले आप नफा नुकसान अच्छी तरह समझ लें।

### त्वचा को ठंडक देता है

चंदन में नैचुरल कूलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं, जो गर्मियों में या सनबर्न की स्थिति में स्किन को ठंडक देती हैं। इससे स्किन की जलन, रैशेज और रेडनेस में तुरंत आराम मिलता है। इसका इस्तेमाल गुलाब जल या खीरे के रस के साथ मिलाकर किया जा सकता है।

### मुंहासों और पिंपल्स को कम करता है

चंदन एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। ये बैक्टीरिया को मारता है और स्किन को साफ़ करता है, जिससे मुंहासे कम होते हैं और स्किन इंफेक्शन से बचती है। इसका इस्तेमाल हल्दी और गुलाब जल के साथ किया जा सकता है।



### दाग-धब्बे और टैनिंग हटाता है

चंदन का नियमित उपयोग स्किन को क्लियर करता है। यह दाग-धब्बों को हल्का करने, स्किन टोन को निखारने और टैन हटाने में कारगर है। इसका इस्तेमाल दूध और शहद मिलाकर किया जा सकता है।

### एंटी-एजिंग गुण

चंदन फाइन लाइन्स, झुर्रियों और उम्र के लक्षणों को धीरे-धीरे कम करने में मदद करता है। ये स्किन को टाइट और यंग बनाए रखता है। इसका इस्तेमाल बादाम का तेल मिलाकर किया जा सकता है।

अब जान लें नुकसान

### एलर्जिक रिएक्शन

कुछ लोगों की स्किन बहुत सेंसिटिव होती है और उन्हें चंदन से एलर्जी हो सकती है। खुजली, जलन, रेडनेस या छोटे दाने इसके लक्षण हैं।

## मानसून में ऑफिस आउटफिट के लिए ये कलर रहेंगे बेस्ट



मानसून में ऑफिस में पहनने के लिए आप ट्रेंडी कलर्स के आउटफिट्स को स्टाइल कर सकते हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, कलर्स आप मौसम के हिसाब से सही पसंद कर पाएंगे। मानसून में पहनने के लिए हम अक्सर ट्रेंडी कलर्स को चूज करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक मौसम के हिसाब से परफेक्ट लगता है। इस बार भी आप ऑफिस में पहनने के लिए कुछ ऐसे कलर्स को चूज करें, जिसे वियर करके आपका लुक अच्छा लगे। साथ ही, आप पूरे दिन कम्फर्टेबल फील करें।



### ऑफिस के लिए ट्रेंडी कलर्स

आप ऑफिस लुक के लिए ट्रेंडी कलर्स को चुनें। इस तरह के कलर्स पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही, इसमें लुक सुंदर दिखता है। बस आपको कलर को कॉन्ट्रास्ट करके पहनने का तरीका जानना है।



### ऑफिस के लिए पिंक कलर

आप इस बार मानसून सीजन में सबसे अलग दिखने के लिए पिंक कलर को चूज कर सकती हैं। इस तरह के कलर मानसून में पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही, इसमें आपको प्लेन से लेकर प्रिंटेड पैटर्न को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के कलर को कुर्ती से लेकर वेस्टर्न आउटफिट में ले सकती हैं।

### मानसून में पहनें पिस्ता ग्रीन कलर

मानसून सीजन में लाइट कलर के आउटफिट को स्टाइल करना सबसे अच्छा लगता है। इसलिए आप भी पिस्ता ग्रीन कलर वाले सूट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सूट सेट ऑफिस में पहनने के बाद काफी अच्छे लगेंगे। साथ ही, लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। आप इस तरह के सूट को सिंपल डिजाइन और प्लेन कलर में खरीदकर स्टाइल करें। ऑफिस में पहनने के लिए आप व्हाइट कलर को चूज कर सकती हैं। इस तरह के कलर में आपको काफी अच्छी प्रिंटेड साड़ी पहनने को मिल जाएगी। साथ में पहनने के लिए प्लेन ब्लाउज। साड़ी स्टाइल करने के बाद काफी अच्छी लगेगी।

## काले घुटनों का इलाज कर देगा घरेलू उबटन

शॉर्ट ड्रेस पहनना हम सभी को पसंद होता है, लेकिन घुटने के कालेपन की वजह से हम इसे वियर नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आप घरेलू उबटन को बनाकर इसे स्किन पर लगाएं। इससे स्किन का रंग साफ हो जाएगा। आजकल शॉर्ट ड्रेस पहनना हर किसी को पसंद होता है। लेकिन यह तभी अच्छी लगती हैं, जब हमारे घुटने काले नजर नहीं आते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि काले घुटने अलग से दिखाई देते हैं। जिसे हम किसी अन्य चीजों से छिपा भी नहीं सकते हैं। ऐस में जरूरी है कि आप घरेलू उबटन को बनाकर अपने घुटनों में अप्लाई करें। इससे आपकी स्किन साफ हो जाएगी। आर्टिकल में बताते हैं दादी नानी वाले घरेलू नुस्खे से बने उबटन के तरीके को।

### क्यों काले हो जाते हैं घुटने

स्किन पर कई बार रुखापन इतना ज्यादा हो जाता है कि इसकी वजह से हमारी स्किन डार्क होने लगती है। साथ ही, धूप के कारण भी घुटने पर टैनिंग नजर आती है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने घुटनों को साफ रखने के लिए घरेलू नुस्खे से बने उबटन का इस्तेमाल करें। इससे आपको शॉर्ट ड्रेस पहनने में दिक्कत नहीं होगी।



### उबटन कैसे बनाएं

इसके लिए आपक एक कटोरी लेनी है।इसमें आपको बेसन डालना है। फिर इसमें दही और हल्दी को मिक्स करके पेस्ट बनाएं।इसके बाद इसका उबटन बनाकर थोड़ा सा गुलाब जल को मिक्स करें।


### कैसे लगाएं उबटन

इसके लिए आपको ब्रश की मदद से अपने घुटनों पर इसे लगाएं। फिर इसे कुछ समय के लिए सूखने दें।इसके बाद इसे पानी से साफ कर लें। इसे रोजाना अपने घुटनों पर अप्लाई करें। इससे कालापन साफ हो जाता है।

इस तरह के उबटन को बनाकर अपने घुटनों पर लगाएं। इससे आपकी स्किन इवन नजर आएगी।

## सावन में एथनिक आउटफिट संग बनाएं खूबसूरत गजरा हेयरस्टाइल

किसी भी त्योहार पर महिलाओं को सजना-संवरना बहुत अच्छा लगता है। जिसके चलते महिलाएं फेस्टिवल के नजदीक आने से पहले ही इसकी तैयारियां शुरू कर देती हैं। सुहागिन महिलाओं के लिए सावन का महीना बेहद खास होता है।



### ट्रेंडी गजरा हेयर स्टाइल

आप नीचे दिखाई जा रही इन ट्रेंडी गजरा हेयर स्टाइल को अपने साड़ी, सूट और लहंगे किसी भी ऑउटफिट के संग बना सकती हैं। यह सभी हेयरस्टाइल झटपट बनकर तैयार हो जाएंगी।

### फिश टेल विद गजरा हेयरस्टाइल

गर्मियों में अधिकतर लोगों को बंधे हुए बाल की पसंद आते हैं। ऐसे में आपके लिए तस्वीर में नजर आ रही ये सिंपल सोबर सी हेयरस्टाइल बेस्ट रहेगी। यह हेयरस्टाइल लहंगे और साड़ी के लिए बेस्ट है। इसके लिए आपको सबसे पहले अपने बालों की फिश टेल बनानी है या आप चाहे तो नार्मल चोटी भी बना सकती हैं। इसके बाद आपको मार्केट से फ्रेश गजरा लेकर बालों में ऊपर की साइड टक करना है। इसके बाद एक क्रॉस करके दोबारा टक करें। इसके बाद गजरे को क्रॉस करते हुए थोड़ी-थोड़ी दूर पर लपेटते जाएं। फिर नीचे की ओर आखिरी छोर पर लपेटें। आपकी फिश टेल विद गजरा हेयर स्टाइल बनकर तैयार है।

### बन विद गजरा हेयरस्टाइल

बन विद गजरा हेयरस्टाइल वैसे तो बहुत कॉमन है, लेकिन यह आज भी महिलाओं को काफी पसंद आती है। इसको साड़ी के संग पेयर करने के बाद लुक अलग ही खिलने लगता है। वहीं अगर त्योहारों का मौका है फिर तो बन विद गजरा हेयरस्टाइल परफेक्ट रहेगी। यह हेयरस्टाइल ट्रेडिशनल टच देती है।

कार्नर न्यूज

### अपनी त्वचा के रंग और टाइप को समझ कर ही करना चाहिए मेकअप

## अपने स्किन टोन के हिसाब से सही मेकअप चुनना है तो पहले जानें फिट्जपैट्रिक स्केल को, निखरेगा रूप

नाइट पार्टी के लिए मेकअप करना अक्सर चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि हर किसी की त्वचा का रंग, बनावट और अंडरटोन अलग होता है। आम तौर पर त्वचा के तीन प्रकार बताए गए हैं- गोरा, गेहुंआ, सांवला, लेकिन त्वचा विशेषज्ञ फिट्जपैट्रिक स्केल के अनुसार त्वचा को छह प्रकारों में बांटते हैं, जो मेलेनिन की मात्रा पर आधारित हैं। इसलिए एक ही मेकअप सभी पर सूट करे, यह संभव नहीं। नाइट पार्टी में दमकने के लिए आपको अपनी स्किन टोन को जानकर सही मेकअप करना होगा।

### दूध-सी गोरी

टाइप-वन में सबसे हल्के रंग की त्वचा आती है। इस स्किन टोन की महिलाओं को मेकअप करते समय हल्के और सॉफ्ट शेड्स का चयन करना चाहिए। आप फाउंडेशन में आइवरी या पोर्सलेन शेड्स चुनें। ब्लश में पीच या लाइट पिंक शेड लगाएं। आईशैडो में न्यूड ब्राउन रंग चुनें। लिपस्टिक में रोज पिंक, कोरल या बेबी पिंक शेड्स को चुनकर नाइट पार्टी में खूबसूरती के साथ रात का चांद बनकर उभरें।



### हल्के से मध्यम

टाइप-टू में हल्के से मध्यम रंग की त्वचा होती है। इस टोन की महिलाओं को फाउंडेशन के लिए बेज या लाइट न्यूट्रल शेड्स चुनने चाहिए। ब्लश में पीच या रोज टोन अच्छा रहता है। आईशैडो के लिए ब्राउन, मावे या गोल्डन शेड्स उपयुक्त हैं। लिपस्टिक में कोरल, रोज या म्यूटेड रेड शेड्स खूबसूरती निखारते हैं। त्वचा को धूप से बचाने के लिए एसपीएफ युक्त प्राइमर और फाउंडेशन सबसे अहम हैं।

### मध्यम

टाइप-थ्री में मध्यम रंग की त्वचा शामिल है। इस स्किन टोन की महिलाएं नाइट पार्टी के लिए वॉर्म अंडरटोन वाले फाउंडेशन, जैसे हनी या कारामेल शेड्स चुनें। ब्लश के लिए म्यूटेड पीच या डीप कोरल रंग अच्छे हैं। आईशैडो में ऑलिव टोन सुंदर दिखेंगे। आप मैरून या रोजवुड शेड्स की लिपस्टिक लगाकर लुक को कंप्लीट करें।

### मध्यम से गहरी

टाइप-फोर में मध्यम से थोड़ी अधिक गहरी त्वचा वाली महिलाओं को रखा गया है। ऐसी महिलाओं को मेकअप में गहरे और बोल्ड शेड्स चुनने चाहिए। फाउंडेशन में गहरे बेज या वॉर्म ब्राउन टोन, आईशैडो में गोल्डन, कॉपर/डार्क ब्राउन शेड्स, ब्लश के लिए डीप रोज या बरगंडी रंग और अंत में डीप रेड शेड्स की लिपस्टिक से लुक को कंप्लीट करना चाहिए। आप सेटिंग स्प्रे से मेकअप को सेट जरूर करें।

### गहरा भूरा रंग

टाइप-फाइव गहरे भूरे रंग की त्वचा को दर्शाता है। ऐसी महिलाओं को पार्टी लुक के लिए डार्क और चमकदार शेड्स चुनने चाहिए। फाउंडेशन में ब्राउन या डीप कैरामेल शेड आपके लिए बेस्ट रहेंगे। आईशैडो लगाना चाहती हैं तो गोल्ड या डीप शेड्स से आंखों को आकर्षक लुक दें। ब्लश में आप मैरून या बेरी टोन को चुनें और लिपस्टिक में डीप रेड, वाइन या प्लम शेड्स आपके लुक को खास बना देंगे।

### सबसे गहरी

टाइप-सिक्स में आती है सबसे गहरे रंग की त्वचा। आप पर बोल्ड और कंट्रास्ट लुक सबसे खूबसूरत दिखता है। नाइट पार्टी के लिए आप फाउंडेशन में डीप एंबर या कॉफी शेड्स चुनें। आईशैडो में गोल्डन, ब्रॉन्ज या गहरे रंग, जैसे पर्पल और ग्रेनी ब्लैक इस्तेमाल करें।

